वर्ष : 34 | अंक : 343 | मुंबई, गुरुवार, 19 फरवरी 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




# मुस्लिम आरक्षण पर पूर्ण विराम

- महाराष्ट्र सरकार ने मुस्लिम समुदाय को शिक्षा में दिया गया 5% आरक्षण किया खत्म
- जाति प्रमाणपत्र भी जारी नहीं होंगे, सभी पुराने सर्कुलर-ऑर्डर निरस्त

**विपक्ष ने सरकार को घेरा**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने मुस्लिम समुदाय को शिक्षा में दिए गए 5% आरक्षण को औपचारिक रूप से खत्म कर दिया है। नया शासन निर्णय (GR) जारी करते हुए सरकार ने 2014 में शुरू हुई इस आरक्षण प्रक्रिया को पूर्ण रूप से खत्म घोषित किया है। अब इस श्रेणी के विद्यार्थियों को कॉलेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में 5% आरक्षण नहीं मिलेगा, न ही इस श्रेणी में नए जाति प्रमाणपत्र या वैधता प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। पहले जारी सभी आदेश और परिपत्र भी अमान्य घोषित कर दिए गए हैं। 2014 का यह आरक्षण अध्यादेश के रूप में लागू हुआ था, लेकिन कानून न बनने और अदालत की रोक के चलते वर्षों से कानूनी अनिश्चितता में अटका हुआ था, जिसे अब सरकार ने पूरी तरह समाप्त कर दिया है। सरकार के जीआर के अनुसार, न तो किसी संस्था में इस श्रेणी के तहत एडमिशन दिया जाएगा और न ही इस श्रेणी से संबंधित कोई लंबित प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। मामले को पूरी तरह बंद घोषित कर दिया गया है।

### 2014 में अध्यादेश के माध्यम से किया गया था लागू

यह आरक्षण पूर्व कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) सरकार द्वारा 2014 में अध्यादेश के माध्यम से लागू किया गया था, जिसमें मराठा समुदाय को 16 प्रतिशत और मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान था। हालांकि, बाद में इस फैसले पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी थी और अध्यादेश की अवधि भी समाप्त हो गई थी। नए आदेश में वर्ष 2014 से पूर्व के संबंधित निर्णयों और परिपत्रों को भी रद्द करने की बात कही गई है।

### मुस्लिमों को आईएएस और आईपीएस बनते नहीं देखना चाहती सरकार : एआईएमआईएम



एआईएमआईएम नेता इम्तियाज जलील ने बीजेपी के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ताधारी दल नहीं चाहता कि मुस्लिम युवा आईएएस और आईपीएस अधिकारी बनें। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चाहती है कि मुस्लिम युवक सिर्फ ऑटो चलाएं, गाड़ियां धोएं या छोटे-मोटे काम करें। जलील ने आरोप लगाया कि बीजेपी की यही सोच दलित समुदाय को लेकर भी रही है।

### कांग्रेस और एनसीपी ने की आलोचना



सरकार के इस निर्णय के बाद कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने इसे लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह बताते हुए कहा कि इससे मुस्लिम समुदाय मुख्यधारा से और दूर होगा। कांग्रेस नेता नसीम खान ने आरोप लगाया कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े मुस्लिम वर्गों के साथ अन्याय किया गया है। खान ने आरोप लगाया है कि महायुति सरकार ने पूर्व सरकार की कई अल्पसंख्यक कल्याण योजनाएं भी बंद कर दी गई हैं।

### उप सचिव का भी हुआ तबादला

इस बीच, अल्पसंख्यक विभाग के उप सचिव मिलिंद शेनॉय को ट्रांसफर कर दिया गया है। यह कार्रवाई उस बड़े विवाद के बाद हुई है, जिसमें आरोप लगा कि 28 जनवरी से 2 फरवरी 2026 के बीच 75 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को रिकॉर्ड समय में अल्पसंख्यक दर्जा दिया गया। कई फाइलों पर पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद डिजिटल हस्ताक्षर दर्ज होने का संदेह भी उभरा है। राज्य शोक अवधि में ये तेज मंजूरियां कैसे हुईं, इस पर सवाल गहराए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सभी 75 मंजूरियां रोक दी हैं और उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। इनमें पोदार इंटरनेशनल के 25 स्कूलों सहित कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शामिल हैं।

### बीजेपी और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू: अबू आजमी



महाराष्ट्र में मुस्लिम आरक्षण खत्म किए जाने पर समाजवादी पार्टी के नेता अबू आसिम आजमी और एआईएमआईएम के वरिष्ठ नेता इम्तियाज जलील ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी हैं। उन्होंने इस फैसले को लेकर बीजेपी और कांग्रेस दोनों पर तीखा हमला बोला है। अबू आजमी ने कहा कि अगर कांग्रेस चाहती, तो वह अपने कार्यकाल में मुस्लिम आरक्षण को कानून के रूप में लागू कर सकती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि पहले जो अध्यादेश लाया गया था, वह बीजेपी सरकार के कार्यकाल में खत्म हो गया और उस दौरान सिर्फ मराठा आरक्षण को आगे बढ़ाया गया। बीजेपी और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों ही अपने-अपने वोट बैंक को साधने की राजनीति कर रही हैं।

# गले की फांस बनी गलगोटिया

- चीन का रोबोट भारत के एआई समिट में दिखाकर घिरी गलगोटिया यूनिवर्सिटी
- केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया, एआई समिट से किया बाहर




**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 सुर्खियों में हैं. यहां भारत भी अपनी एआई पावर दिखा रहा है। साथ ही दूसरे देशों की नई तकनीक भी नुमाया हो रही है। इस आयोजन में उस समय हलचल मच गई जब गलगोटिया यूनिवर्सिटी के स्टॉल पर पेश किए गए रोबोट डॉग और ड्रोन को लेकर सोशल मीडिया पर सवाल उठने लगे। यूनिवर्सिटी ने दावा किया था कि उसने 350 करोड़ रुपये के निवेश से अपना एआई इकोसिस्टम तैयार किया गया है और उसी से ये रोबोट बनाए गए हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर ऐसे बहुत से दावे हुए कि ये चीन में तैयार टेक्नॉलॉजी का नमूना है।

### इस तरह की गलती स्वीकार नहीं: कृष्णन

गलगोटिया यूनिवर्सिटी के रोबोडॉग विवाद के बाद केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि किसी भी संस्थान या संगठन को ऐसे उत्पाद प्रदर्शित नहीं करने होंगे जो उनका नहीं है। प्रदर्शनी में केवल वही उत्पाद प्रदर्शित किए जाएं जिनका निर्माण संस्थान ने स्वयं किया हो। सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि इस तरह की गलती स्वीकार नहीं की जाएगी। सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी संस्थान और व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### एआई समिट सिर्फ प्रचार का तमाशा: राहुल गांधी



कांग्रेस ने एक बार फिर इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में अव्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार को घेरा है। पार्टी का आरोप है कि एआई समिट पूरी तरह विफल साबित हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा है कि सरकार की तरफ से आयोजित यह कार्यक्रम सिर्फ प्रचार का तमाशा बन गया है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत की प्रतिभा और डाटा का उपयोग करने के बजाय, एआई समिट अव्यवस्थित तरीके से पीआर का तमाशा बन गया है। समिट में चीनी उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस इवेंट से सरकार ने देश की छवि को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है। पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक ने भी कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए सरकार पर हमला बोला।

# भारत कब तक लौटूंगा बता नहीं सकता : विजय माल्या

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



भगोड़ा अपराधी कारोबारी विजय माल्या ने बॉम्बे हाईकोर्ट में दलील दी वह भारत कब लौटेगा यह नहीं बता सकता, क्योंकि ब्रिटेन की एक अदालत ने उसके देश छोड़ने पर रोक लगाई है। माल्या भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन के कई मुकदमों का सामना कर रहा है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ के समक्ष माल्या ने अपने वकील अमित देसाई के माध्यम से हाईकोर्ट को बताया कि उसका पासपोर्ट भी रद्द कर दिया गया है, इसलिए उसके पास यात्रा के लिए यह महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं है। उसने कहा कि वह इस कारण से भारत लौटने की निश्चित तारीख नहीं बता सकता।

**माल्या की उपस्थिति जरूरी नहीं**

देसाई ने दोहराया कि अदालत द्वारा भगोड़ा करार और अधिनियम के प्रावधानों के खिलाफ दायर दलीलों पर सुनवाई के लिए माल्या की देश में उपस्थिति जरूरी नहीं है। देसाई ने अदालत से कहा कि अगर वह (माल्या) भारत में पेश होता है, तो ये सभी कार्यवाही निरर्थक हो जाएंगी क्योंकि कानून कहता है कि एक बार अपराधी संबंधित अदालत में पेश हो जाता है, तो ये सभी आदेश रद्द हो जाएंगे।

## ब्रीफ न्यूज़

### राज्य सरकार ने किसानों की कर्ज माफी को लेकर शुरू की मुहिम

**मुंबई।** राज्य सरकार ने किसानों की कर्ज माफी के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है और बैंकों ने सभी जिलों में किसानों से अपील की है कि वे अपने बकाया कर्ज की जानकारी जल्द से जल्द शाखाओं में जमा कराएं, ताकि 30 जून 2026 तक पूरी प्रक्रिया पूरी की जा सके। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अजित पवार ने पिछले वर्ष इस कर्जमाफी की घोषणा की थी और पात्र किसानों की पहचान व कर्ज सत्यापन की प्रक्रिया तेज करने के लिए जिला स्तर पर समन्वय समितियां सक्रिय की गई हैं।

### आईएनएस शिकरा के पास 23 मंजिला इमारत पर हाईकोर्ट की नाराजगी

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई स्थित आईएनएस शिकरा के पास बन रही 23 मंजिला इमारत को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है और नौसेना अधिकारियों से सवाल किया कि निर्माण कार्य 2021 से शुरू होने के बावजूद उसे रोका क्यों नहीं गया। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति अभय मंत्री की खंडपीठ ने कहा कि यदि अंतिम सुनवाई में इमारत को सुरक्षा के लिए खतरा माना गया, तो इसे गिराने का आदेश भी दिया जा सकता है। अदालत ने बताया कि एयर स्टेशन के आसपास नियमित निगरानी होनी चाहिए थी और रक्षा प्रतिष्ठान की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है।


### प्रभाकर शिंदे बनेंगे स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन

**मुंबई।** बीजेपी ने मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की स्थायी समिति पर कब्जा कर लिया है, जिसमें वरिष्ठ नगरसेवक प्रभाकर शिंदे चेयरमैन होंगे। इसी तरह राजश्री शिरवाडकर एजुकेशन कमेटी की अध्यक्ष होंगी। सुधार और BEST समितियों का अध्यक्ष पद शिवसेना (शिंदे गुट) को मिला है, जिसमें संध्या दोशी और तृष्णा विश्वासराव के नाम तय किए गए हैं। स्थायी समिति, जिसे मनपा की तिजोरी कहा जाता है, लगभग 70 हजार करोड़ के बजट वाली सभी विकास योजनाओं पर अंतिम मुहर लगाती है। प्रभाकर शिंदे और राजश्री शिरवाडकर ने बुधवार को स्थायी और शिक्षा समिति के लिए नामांकन दाखिल किया। एजुकेशन और स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव 20 फरवरी, जबकि BEST और सुधार समिति के चुनाव 23 फरवरी को होंगे।

# ई-चालान के झोल से ट्रांसपोर्टर खीझे

- ट्रांसपोर्टरों ने दी राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



मुंबई। महाराष्ट्र के ट्रांसपोर्टरों ने ई-चालान सिस्टम के माध्यम से गैर-कानूनी वसूली का आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के अंदर इस सिस्टम को रद्द नहीं किया गया, तो 5 मार्च से राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### ई-चालान सिस्टम स्कैम का आरोप

महाराष्ट्र ट्रांसपोर्टर एक्शन कमेटी के प्रसन्ना पटवर्धन और प्रकाश गवली ने आरोप लगाया कि मोटर व्हीकल डिपार्टमेंट और पुलिस विभाग की ओर से लागू किया गया ई-चालान सिस्टम एक स्कैम है। इसके ज़रिए वाहन चालकों से ज़बरदस्ती फाइन वसूला जा रहा है। गाड़ी मालिकों को गैर-कानूनी तरीके से लूटा जा रहा है। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि ई-चालान के लिए इस्तेमाल होने वाले डिवाइस मान्यता प्राप्त नहीं हैं और जो अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, वे अधिकृत नहीं हैं। महाराष्ट्र में ट्रक, टेंपो, बस, टैक्सी और ऑटो-रिक्शा चालकों को परेशान किया जा रहा है।

### जुर्माने की प्रक्रिया में विसंगतियां

ई-चालान के अनुसार जुर्माना वसूलने के लिए सबूत जमा करना अनिवार्य है, लेकिन अक्सर बिना सबूत ही जुर्माना वसूला जा रहा है। जमा की गई तस्वीरें धुंधली होती हैं और छह महीने के भीतर कानूनी प्रक्रिया लागू नहीं की जाती, जिससे चालक या मालिक का बचाव करने का अधिकार समाप्त हो जाता है।

### 5 मार्च से राज्यव्यापी आंदोलन

ट्रांसपोर्टरों का आरोप है कि ई-चालान सिस्टम का गलत तरीके से उपयोग करके झूठे केस दर्ज कर जुर्माना वसूला जा रहा है। इस संबंध में बस मालिकों के संगठनों ने कोर्ट में याचिका दायर की है। यदि अगले एक हफ्ते में ई-चालान प्रक्रिया में सुधार नहीं किया गया या जुर्माना वसूली रद्द नहीं की गई, तो 5 मार्च से राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

*अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत*




# सत्ता स्थापित नहीं कर पाने की जांच के लिए बनेगी कमेटी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई/चंद्रपुर**

प्रदेश कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बुधवार की बैठक में चंद्रपुर महानगरपालिका में सत्ता हासिल न कर पाने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया गया। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्नीथला ने नाराजगी जताते हुए कहा कि शहर में सबसे ज्यादा सीटें जीतने के बावजूद कांग्रेस महापौर पद हासिल नहीं कर सकी, जो गंभीर विषय है। बैठक में कई नेताओं ने स्थानीय गुटबाजी को जिम्मेदार ठहराया। विशेष रूप से स्थानीय नेता विजय वडेट्टीवार और सांसद प्रतिभा धानोरकर के बीच मतभेद को पार्टी की हार का कारण बताया गया।

### जांच कमेटी और जिम्मेदारी तय करने का फैसला

चेन्नीथला ने पूरे मामले की जांच के लिए आंतरिक कमेटी बनाने का निर्देश दिया है, जिसमें शामिल सदस्यों का निर्णय जल्द लिया जाएगा। इसके अलावा, प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल से भी मामले की जांच करने को कहा गया है। चंद्रपुर में कांग्रेस ने 27 सीटें जीतकर सबसे बड़ा दल बनने का गौरव हासिल किया था, लेकिन उद्धव गुट ने भाजपा का समर्थन कर दिया, जिससे कांग्रेस महापौर पद से वंचित रही।

### विवेक भीमनवार बने महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष

**मुंबई।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विवेक भीमनवार को बुधवार को राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में महाराष्ट्र पब्लिक सर्विस कमीशन (एमपीएससी) के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे। लोकभवन के प्रवक्ता के अनुसार, विवेक लक्ष्मण भीमनवार महाराष्ट्र कैडर के 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनका जन्म 24 फरवरी 1966 को हुआ था। उनके पास एलएलबी और एमएससी की डिग्री है। विवेक भीमनवार ने महाराष्ट्र सरकार में परिवहन आयुक्त के रूप में भी कार्य किया है। महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें एमपीएससी अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया था।

**2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं विवेक भीमनवार**



न्यूज़ ब्रीफ

## नागरिकों के लिए लीगल शिविर का आयोजन

**ठाणे।** डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, ठाणे द्वारा महाराष्ट्र स्टेट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी के निर्देशानुसार रविवार, 22 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे विद्या प्रसारक मंडल के धोरले बाजीराव पेशवा ऑडिटोरियम तथा ठाणे कॉलेज परिसर, चेंदनी रोड, सिडको बस स्टॉप के सामने, ठाणे वेस्ट में लीगल लिटरेसी कैंप आयोजित किया जाएगा। यह कैंप चीफ डिस्ट्रिक्ट एवं सेशंस जज श्रीनिवास अग्रवाल के मार्गदर्शन में एक ही छत के नीचे आयोजित होगा, जहां नागरिकों को कानूनी सेवाओं और सहायता के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनका सीधा लाभ प्रदान किया जाएगा। आमतौर पर सरकारी योजनाएं सभी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पातीं, इसी उद्देश्य से इस विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में लगभग 30 से 35 विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां विशेषज्ञों द्वारा योजनाओं संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा। सभी नागरिकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। अथॉरिटी के सचिव रवींद्र पजंकर ने अधिक से अधिक लोगों से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## 27वे मालवणी महोत्सव में उमड़ी भीड़



**ठाणे।** शिवाई नगर स्थित उन्नति गार्डन ग्राउंड में आयोजित मालवणी महोत्सव में रवींद्र चव्हाण ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से कोंकण की खानपान संस्कृति, लोककला और परंपराओं को नई पहचान मिल रही है। कोंकण ग्राम विकास मंडल द्वारा और आयोजक नगरसेवक सीताराम राणे की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कोंकण की समृद्ध संस्कृति केवल महाराष्ट्र तक सीमित न रहकर पूरे देश में पहुंचनी चाहिए। रवींद्र चव्हाण ने बताया कि पिछले 27 वर्षों से आयोजित हो रहा यह महोत्सव कोंकणवासियों के लिए गर्व का विषय है। यहां पारंपरिक कोंकणी व्यंजन, मसाले, अचार, आम और काजू उत्पादों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे शहरवासियों को सालभर कोंकण की विविधता का अनुभव मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे महोत्सव न केवल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करते हैं।

## 'शिव शंभू गाथा' से गूंजा ठाणे

**ठाणे।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर ठाणे कलेक्टरेट और डायरेक्टरेट ऑफ कल्चरल अफेयर्स द्वारा संयुक्त रूप से "शिव शंभू गाथा" नामक प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन राम गणेश गडकरी रंगायतन में किया गया। महाराष्ट्र के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिश्चंद्र पाटिल, निवासी उप जिला कलेक्टर डॉ. संदीप माने तथा उप जिलाधिकारी रूपाली भालके सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। गायक रोहित पाटिल द्वारा लिखे और प्रस्तुत किए गए 11 गीतों के माध्यम से शिव भक्ति, स्वराज्य और वीरता की गाथा को जीवंत किया गया, जिसकी अधिकारियों ने सराहना की। डॉ. संदीप माने ने अपने संबोधन में स्वराज्य की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिवाजी महाराज का इतिहास केवल पुस्तकों तक सीमित न रहकर जन-जन के हृदय में जीवित रहना चाहिए।

# मीरा भाईंदर मनपा में तीन साल बाद महासभा

- मंजूर हुए 17 प्रस्ताव, शेष 4 के लिए 20 फरवरी तक का इंतजार
- टीपू सुल्तान की जगह अब शहीद अशफाकउल्लाह खान के नाम से होगा चौक



**डीबीडी संवाददाता | भाईंदर**

मीरा-भाईंदर महानगरपालिका मुख्यालय में तीन साल के लंबे अंतराल के बाद पहली महासभा का आयोजन किया गया। सदन की कार्यवाही की शुरुआत ही आरक्षण और शहर के विकास से जुड़े गंभीर मुद्दों के साथ हुई। इस सभा में कुल 21 विषय चर्चा के लिए रखे गए थे, जिनमें से 17 प्रस्तावों को बहुमत के आधार पर मंजूरी दे दी गई। शेष 4 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय के लिए प्रशासन और सदस्यों को अब 20 फरवरी तक का इंतजार करना होगा।

### टीपू सुल्तान चौक का नामकरण

महासभा में सबसे अधिक गरमागरम बहस टीपू सुल्तान चौक के नामकरण को लेकर हुई। विपक्ष ने इस मुद्दे पर जमकर हंगामा किया और अपनी ओर से स्वतंत्रता सेनानी 'खान अब्दुल गफ्फार खान' के नाम का वैकल्पिक प्रस्ताव रखा। हालांकि, वैचारिक मतभेदों और भाजपा के भारी बहुमत के कारण विपक्ष का प्रस्ताव गिर गया। अंत में, टीपू सुल्तान चौक का नाम बदलकर महान क्रांतिकारी 'शहीद अशफाकउल्लाह खान' के नाम पर रखने का प्रस्ताव बहुमत से पारित कर दिया गया।

### विपक्षी एकता और बैठने की व्यवस्था पर हंगामा

सदन में संख्या बल के मामले में भाजपा के 79 सदस्यों के मुकाबले विपक्ष के मात्र 16 सदस्य (कांग्रेस के 13 और शिवसेना के 3) थे। कम संख्या होने के बावजूद विपक्ष ने सदन की शुरुआत में ही अपनी बैठने की व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई और जमीन पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सदस्यों के इस कड़े रुख के कारण सदन का कामकाज कुछ समय के लिए बाधित हुआ। अंतत:, प्रशासन द्वारा अगली बार उचित व्यवस्था करने के आश्वासन और कड़ी चेतावनी के बाद ही विपक्षी सदस्य अपनी कुर्सियों पर लौटे।

### सामुदायिक भवनों और निधि आवंटन पर सत्तापक्ष के कड़े तेवर

महासभा के दौरान एक दिलचस्प मोड़ तब आया जब सत्ताधारी भाजपा ने ही परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक द्वारा स्वीकृत किए गए विभिन्न सामुदायिक भवनों और कार्यों पर सवाल उठाए। भाजपा सदस्यों ने प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगा कि क्या ये भवन केवल विशेष समुदायों के लिए सीमित रहेंगे? इस पर प्रशासन ने साफ किया कि निर्मित होने वाले सभी भवन शहर के समस्त समाज के उपयोग के लिए होंगे। साथ ही, भाजपा ने स्पष्ट किया कि मनपा की आर्थिक स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त जनहित कार्यों के लिए नगरपालिका निधि का बोझ नहीं उठाएगी।

### विकास कार्यों की आड़ में पक्षपात के आरोप

भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रणवीर वाजपेयी ने इस पूरी प्रक्रिया पर तंज कसते हुए आरोप लगाया कि विकास के नाम पर समाज को बांटने का खेल खेला गया है। उन्होंने दावा किया कि कई भवनों का आवंटन समाज को विभाजित करने के उद्देश्य से किया गया है। वाजपेयी ने यह भी आरोप लगाया कि चेना क्रीक के पास आलीशान बंगलों का निर्माण, सड़कों और पुलों का विकास केवल एक विशेष बिल्डर को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले समय में शिवसेना के बड़े नेताओं के कथित भ्रष्टाचार की पोल खुलेगी। सदन की कार्यवाही के अंतिम चरण में प्रशासन को सुचारू रूप से चलाने के लिए विभिन्न समितियों के गठन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसमें 16 सदस्यीय स्थायी समिति, 7 सदस्यीय महिला एवं बाल कल्याण समिति, 12 सदस्यीय परिवहन समिति और 6 प्रभाग समितियों के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ।

# 'माझी वसुंधरा अभियान 5.0' में ठाणे जेपी का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

राज्य सरकार द्वारा प्रकृति के पांच तत्वों – धरती, हवा, पानी, आग और आसमान – के संरक्षण और संवर्धन के लिए शुरू किया गया ₹माझी वसुंधरा अभियान₹ 2 अक्टूबर 2020 से स्थानीय स्व-सरकारी संस्थाओं में लागू किया गया था। इस अभियान का पांचवां चरण, ₹माझी वसुंधरा अभियान 5.0₹, 1 जून 2024 से 31 मार्च 2025 तक पूरे राज्य में आयोजित किया गया। इस चरण में ठाणे जिले ने शानदार प्रदर्शन कर विभागीय स्तर पर सम्मान हासिल किया। ठाणे जिले को सबसे अच्छा काम करने वाले मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में दूसरा स्थान मिला, वहीं पंचायत समिति मुरबाड और भिवंडी को क्रमशः संभागीय और जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ समूह विकास अधिकारी के रूप में चुना गया।

### ग्राम पंचायतों को मिले पुरस्कार

इस अभियान में कुल 28,317 स्थानीय निकाय – 422 शहरी निकाय और 27,895 ग्राम पंचायत – शामिल हुए। ठाणे जिले की ग्राम पंचायत काल्हेर ने 10 हजार से अधिक आबादी वाले समूह में राज्य में पहला स्थान हासिल किया और 1.75 करोड़ रुपये का कैश प्राइज़ तथा भूमि थीमैटिक श्रेणी में सबसे अच्छा काम करने पर 75 लाख रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, सिंगापुर ग्राम पंचायत ने 1 हजार से कम आबादी वाले समूह में तीसरा स्थान हासिल किया और 50 लाख रुपये का कैश प्राइज़ जीता। इस मुहिम के तहत पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पेड़ लगाना, सफाई, ऊर्जा संरक्षण और कचरा प्रबंधन जैसी गतिविधियां शामिल थीं।

# ठाणे-पालघर के ठेकेदारों की फटेहाली

- ठाणे-पालघर में पीडब्ल्यूडी के 2,114 करोड़ के बिल 2022 से अटके
- 5,000 छोटे ठेकेदार परेशान, सिर्फ 434 करोड़ जारी



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

राज्य सरकार की 'लाड़की बहिण' और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के कारण जहां सरकार की तिजोरी पर लगातार भार बढ़ रहा है, वहीं ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट नहीं है। महाराष्ट्र में लगभग 89 हज़ार करोड़ रुपये के ठेकेदारों के पेमेंट दो साल से रुके हुए हैं। ठाणे और पालघर जिलों में अकेले 2,114 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान लंबित है। पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (PWD) के माध्यम से किए गए कई कार्यों का पैसा ठेकेदारों को वर्ष 2022 से नहीं मिल पाया है, जबकि MMRDA, रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन और CIDCO जैसे प्रोजेक्ट मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में बड़े पैमाने पर चल रहे हैं।

### छोटे ठेकेदारों की मुश्किलें

ठाणे और पालघर जिलों के छोटे ठेकेदारों ने अपनी स्थिति को लेकर बुधवार को पत्रकार वार्ता की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बड़ी निर्माण कंपनियों के लिए सुविधाएं बढ़ा रही है, जबकि गांवों और सेमी-अर्बनाइज्ड क्षेत्रों में काम करने वाले छोटे ठेकेदार आर्थिक और प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स को यह भी नहीं पता कि कितनी राशि मिलेगी और कब पेमेंट होगा। इस कारण कई छोटे ठेकेदार महीनों से आंदोलन कर रहे हैं।

### हजारों ठेकेदारों के बकाया और परियोजनाएं

ठाणे और पालघर जिलों में 5,000 से अधिक छोटे ठेकेदार हैं, जो रोड, ब्रिज, रेसिडेंशियल और ऑफिस बिल्डिंग, स्टेट हाईवे और डिस्ट्रिक्ट रोड सहित कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। इन प्रोजेक्ट्स का कुल बकाया 2,114 करोड़ रुपये है, जिसमें से केवल 434 करोड़ रुपये ही जारी किए गए हैं। ठेकेदारों का आरोप है कि सरकार फंड का वितरण अपने पसंदीदा कॉन्ट्रैक्टर्स को करती है और आम ठेकेदारों को फंड की कमी का बहाना दिया जाता है, जिससे छोटे ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति और कठिन हो गई है।

# स्कूली छात्रों की सुरक्षा को लेकर आरटीओ सख्त

- अवैध वाहनों पर चला चाबुक, 13 बसें पकड़ी और लाखों का जुर्माना वसूला

**डीबीडी संवाददाता | बदलापुर**

बदलापुर और उसके आसपास के इलाकों में स्कूली छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन विभाग (RTO) ने एक व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। इस विशेष अभियान के दौरान, नियमों का उल्लंघन कर छात्रों को ले जाने वाले वाहनों की कड़ाई से जाँच की गई। आरटीओ अधिकारियों ने अवैध रूप से संचालित हो रहे 13 वाहनों को पकड़ा और उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों से कुल 1.36 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

### बदलापुर की हालिया घटना और सुरक्षा पर उठे सवाल

यह कार्रवाई पिछले महीने बदलापुर के एक स्कूल में छात्रा के साथ हुए यौन उत्पीड़न के दुखद मामले के बाद प्रशासन की सक्रियता को दर्शाती है। उस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और राजनीतिक दलों में भारी रोष था, जिसके चलते कुछ वाहनों में तोड़फोड़ भी हुई थी। इस घटना ने स्कूली परिवहन व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया था। सुरक्षा के इसी गंभीर पहलू को ध्यान में रखते हुए, अभिभावकों से बार-बार अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को किसी भी अनधिकृत या असुरक्षित वाहन से स्कूल न भेजें।

### नियमों और सुरक्षा मानदंडों की जमीनी स्तर पर जाँच

परिवहन विभाग ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 और महाराष्ट्र मोटर वाहन (स्कूल बसों के लिए विनियम) नियम, 2011 के प्रावधानों के तहत यह अभियान चलाया। जाँच के दौरान केवल कागजात ही नहीं, बल्कि सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं को भी परखा गया। अधिकारियों ने विशेष रूप से वाहन के वैध दस्तावेज़, स्कूल परिवहन लाइसेंस, यात्री क्षमता के अनुसार छात्रों की संख्या, और चालक के पास आवश्यक श्रेणी का लाइसेंस व बैज होने की पुष्टि की। साथ ही, नियमानुसार महिला सहायिका की उपस्थिति और अन्य अनिवार्य सुरक्षा मानकों की भी सघन जाँच की गई।

# सड़क की संकरी गलियों में 12 वाहन टकराए, छह घायल

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

टिटवाळा के बल्याणी इलाके की संकरी सड़क पर बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार मालवाहक वाहन ने 12 वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल, रिक्शा और कारें शामिल थीं और छह से अधिक पादचारी घायल हुए। नागरिकों ने घायल पादचारियों और रिक्शा चालकों को पास के अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया।

### चालक फरार, शराब सेवन का संदेह



बल्याणी बाजार में सुबह के समय लोगों की खरीदारी और काम पर जाने के लिए काफी भीड़ रहती है। इसी भीड़ के बीच अचानक 16 टन से अधिक वजन वाला मालवाहक वाहन बाजार में प्रवेश किया। चालक ने वाहन तेज गति से चलाया, जिससे अन्य वाहन और पादचारी टकरा गए। कुछ नागरिकों ने वाहन चालक का पीछा किया, क्योंकि उन्हें संदेह था कि चालक शराब पीकर वाहन चला रहा था, लेकिन वह मौके से फरार हो गया।

# बिजली समस्याओं को लेकर विधायक की बैठक

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर में शहरवासियों की विभिन्न बिजली समस्याओं को लेकर आमदार कुमार आयलानी ने अपने जनसंपर्क कार्यालय में व्यापारी प्रतिनिधियों और महावितरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नए मीटरों में अधिक बिलिंग की शिकायतों पर विशेष चर्चा हुई और आमदार ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। नियमित शटडाउन को लेकर उठी शिकायतों पर अधिकारियों ने बताया कि कुछ स्थानों पर मनपा के कार्यों के कारण समस्या आई थी, जिसे दो-तीन घंटे में सुलझा लिया गया। साथ ही, विद्यार्थियों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए फिलहाल आवश्यक शटडाउन टाला जा रहा है।

### स्मार्ट मीटर और केबल कार्यों पर निर्देश



व्यापारी प्रतिनिधि विनोद पंजाबी ने हीराघाट क्षेत्र में अंडरग्राउंड केबल बिछाने के कार्य में नियमों के पालन न होने की शिकायत की, जिस पर अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद सुधारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। आमदार ने स्मार्ट मीटर में अधिक बिलिंग की शिकायतों का उदाहरण देते हुए अधिकारियों से जवाब मांगा। महावितरण ने 28 फरवरी तक प्रत्येक कार्यालय में स्मार्ट मीटर समस्याओं के निवारण हेतु विशेष कैंप आयोजित करने की जानकारी दी। आमदार ने नागरिकों से पुराने और बढ़े हुए बिल के साथ शिकायत दर्ज कराने की अपील की तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम नागरिकों की शिकायत सम्मानपूर्वक सुनकर समाधान करें। साथ ही, अंडरग्राउंड केबल को मंजूरी, ओवरहेड तार हटाने, म्हारल सब स्टेशन शुरू करने और बाजार क्षेत्रों में वायरिंग सुधारने जैसे मुद्दों पर भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

# प्रशांत सिनकर को 'वंदनीय बालासाहेब ठाकरे आरोग्य रत्न पुरस्कार'

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे/मुंबई**

वरिष्ठ पत्रकार और लेखक प्रशांत रवींद्र सिनकर को उनके स्वास्थ्य जागरूकता और जनस्वास्थ्य पर लिखने के निरंतर योगदान के लिए 'वंदनीय बालासाहेब ठाकरे आरोग्य रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार के हेल्थ सर्विसेज़ डिपार्टमेंट ने इस बारे में आज आधिकारिक पत्र के माध्यम से घोषणा की। प्रशांत सिनकर ने ढाई दशक से स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों पर लेखन और कम्युनिटी-ओरिएंटेड हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का काम किया है।

### अवार्ड समारोह और समाज में योगदान



स्टेट-लेवल सिलेक्शन कमिटी ने 2024-25 के लिए उन्हें यह सम्मान देने का फैसला किया है। अवार्ड वितरण समारोह रविवार, 22 फरवरी, 2026 को मुंबई के यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम में आयोजित होगा, जिसमें कई प्रमुख व्यक्तित्व मौजूद रहेंगे। प्रशांत सिनकर ने स्वास्थ्य क्षेत्र के संवेदनशील मुद्दों को प्रभावी तरीके से उजागर कर समाज में जागरूकता बढ़ाई है, और राज्य सरकार द्वारा दिया गया यह पुरस्कार ठाणे जिले के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है।

# स्कूली गाड़ियों की टटोल, नशेड़ी चालकों पर नकेल

## उल्हासनगर यातायात पुलिस ने की शराबी वाहन चालकों की जांच

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर में स्कूली वाहन और बस चालकों द्वारा तेज गति व नशे की हालत में वाहन चलाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस ने सख्त जांच अभियान शुरू किया है। सैकड़ों विद्यालयों से जुड़े बस, रिक्शा, टैक्सी और अन्य वाहनों के कागजातों की जांच की जा रही है, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस का उद्देश्य यह है कि किसी भी लापरवाही के कारण मासूम बच्चों का जीवन खतरे में न पड़े।

### अल्कोहल टेस्ट और दस्तावेज़ों की जांच




यातायात पुलिस विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश शिरसाठ के मार्गदर्शन में स्कूल बसों के दस्तावेजों की गहन जांच के साथ-साथ चालकों की अल्कोहल जांच मशीन से परीक्षण भी किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इस अभियान में सहायक पुलिस निरीक्षक काले सहित संतोष भोईर, संजय बेंद्रे, जितेंद्र चित्ते, मनोज काले, नाना आव्हाड, भारत खांडेकर और रंजीत खोत सहित यातायात पुलिस के जवान सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# जीएम ने ली सोलापुर मंडल में सुरक्षा की टोह

## मध्य रेल के जीएम ने सोलापुर मंडल के वाडी-सोलापुर खंड का किया संरक्षा निरीक्षण

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई। मध्य रेल के महाप्रबंधक प्रतीक गोस्वामी ने 18 फरवरी 2026 को सोलापुर मंडल के वाडी–सोलापुर खंड का विस्तृत संरक्षा निरीक्षण किया। वाडी में उन्होंने क्रू लॉबी, नए क्रू काउंसलिंग रूम, रनिंग रूम, नवीनीकृत महिला प्रतीक्षा कक्ष, पॉली क्लिनिक और कंप्यूटरीकृत रेडियोग्राफी प्रणाली का निरीक्षण किया। साथ ही ए-क्लास दुर्घटना राहत ट्रेन, 140 टन क्रेन, रूट रिले इंटरलॉकिंग और नए ट्रैक्शन वितरण डिपो की समीक्षा की तथा गति शक्ति इकाइयों और यार्ड पुनर्निर्माण योजना की प्रगति जानी। कलबुरगि में सिग्नल डिपो, ट्रैक मशीन विश्राम गृह, गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला और अल्ट्रासोनिक दोष पहचान प्रणाली का निरीक्षण किया गया।

### ट्रैक, पुल और तकनीकी अवसंरचना का आकलन

महाप्रबंधक ने कलबुर्गी–बबलाद खंड, गौड़गांव यार्ड तथा विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेट, ओएचई मापदंड, ट्रैक्शन सब स्टेशन और टेस्टिंग वैन का निरीक्षण किया। दुधानी–बोरोटी खंड पर बोरी पुल (पुल संख्या 511/2) और बोरोटी–नागनसुर खंड पर वक्र संख्या 103 अप का भी विस्तृत निरीक्षण कर संरक्षा मानकों की समीक्षा की। अक्कलकोट रोड पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, रेलवे कॉलोनी और उद्यान का निरीक्षण किया गया, जबकि टिकेकरवाड़ी में कोचिंग डिपो योजनाओं और गैंग नंबर 01 की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया।

### सोलापुर में स्वास्थ्य व खेल सुविधाओं का निरीक्षण



सोलापुर में प्रतीक गोस्वामी ने नवनिर्मित खेल परिसर और स्केटिंग रिंक का निरीक्षण किया तथा रेलवे अस्पताल के उन्नत नेत्र रोग विभाग में आधुनिक उपकरणों और नए ऑपरेशन टेबल की जांच की। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों से संवाद कर रेल मंत्री द्वारा संरक्षा, रखरखाव, गुणवत्ता और प्रशिक्षण (एसएमक्यूटी) पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दोहराए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, समयबद्ध संचालन और अवसंरचना उन्नयन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कर्मचारियों को उच्चतम संरक्षा और विश्वसनीयता मानकों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की सलाह दी गई। निरीक्षण में मंडल रेल प्रबंधक डॉ. सुजीत मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

रेलवे परिसरों में चल रहा था ढोंग का धंधा

# बंगाली बाबा हुआ गिरफ्तार

## मध्य रेल और पश्चिम रेलवे की आरपीएफ टीम ने की कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



मध्य रेल और पश्चिम रेलवे की आरपीएफ टीम ने रेलवे डिब्बों और परिसरों में अवैध रूप से प्रचार सामग्री चिपकाने के आरोप में "बंगाली बाबा" के नाम से घूम रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 17 फरवरी 2026 को मुंबई मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के मार्गदर्शन में चलाए गए संयुक्त अभियान के तहत की गई। विश्वसनीय मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर रे रोड स्थित दारुखाना इलाके में मीरा अली दरगाह पर संयुक्त छापेमारी की गई। यहां से मोहम्मद नज़ीर अंदाड़ी नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लगभग 15,000 मुद्रित पोस्टर बरामद किए गए, जिन्हें रेलवे डिब्बों और परिसरों में चिपकाया जाना था। पूछताछ में आरोपी ने रेलवे अधिकारियों से बिना अनुमति व्यावसायिक प्रचार गतिविधियां संचालित करने की बात स्वीकार की।

### प्रिंटिंग प्रेस और वित्तीय लेनदेन की गहन जांच शुरू

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस रैकेट के पीछे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक पूरा गिरोह सक्रिय है। पुलिस अब उन प्रिंटिंग एजेंसियों की तलाश कर रही है जो इन पोस्टरों की छपाई करती थीं। साथ ही, पोस्टर चिपकाने के लिए नियुक्त किए गए अन्य लड़कों और उनके बीच होने वाले वित्तीय लेनदेन की भी कड़ी जांच की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि इस नेटवर्क के तार मुंबई के बाहर भी जुड़े हो सकते हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे ऐसे विज्ञापनों के झांसे में न आएं और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत सुरक्षा बल को दें।

### वडाला आरपीएफ में दर्ज हुआ मामला

आरोपी के खिलाफ वडाला में रेलवे अधिनियम की धारा 144, 145(बी), 147 और 166 के तहत मध्य रेल अपराध संख्या 104/2026 दर्ज की गई है। आगे की पूछताछ में अन्य संदिग्धों की संलिप्तता का पता चला है, जिन्होंने पोस्टर छापने और चिपकाने में सहयोग किया था।

गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड परियोजना

# फ्लाईओवर का काम जारी, लेकिन गति कछुआ चाल

## ठेकेदार पर 50 लाख का जुर्माना

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



गोरेगांव - मुलुंड लिंक रोड परियोजना का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। अतिरिक्त मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने परियोजना के अंतर्गत दिंडोशी कोर्ट और दादा साहेब फाल्के फिल्म सिटी के बीच बन रहे फ्लाईओवर को 31 मई 2026 तक यातायात के लिए खोलने का निर्देश दिया है। साथ ही, काम में लापरवाही बरतने के आरोप में ठेकेदार पर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाने का भी आदेश दिया गया है।

### फ्लाईओवर का काम और निरीक्षण

बांगर ने बुधवार को फ्लाईओवर के काम का जायजा लिया। उन्होंने परियोजना के सभी काम निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। बांगर ने कहा कि मानसून से पहले फ्लाईओवर का काम पूरा करने के लिए आवश्यक मैनपावर और मशीनरी बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिंडोशी कोर्ट और दादा साहेब फाल्के फिल्म सिटी के बीच फ्लाईओवर का निर्माण अपेक्षित गति से नहीं होने पर ठेकेदार पर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

### परियोजना का विवरण

यह परियोजना कुल चार चरणों में प्रस्तावित है। चरण 3 (ए) में फ्लाईओवर और एलिवेटेड रोटरी का निर्माण शामिल है। परियोजना के तहत दिंडोशी –गोरेगांव–दादा साहेब फाल्के फिल्म सिटी के बीच 1.26 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का काम चल रहा है। फ्लाईओवर डिंडोशी कोर्ट से शुरू होता है और रत्नागिरी जंक्शन होटल पर 90 डिग्री के एंगल पर मुड़ता है। फिर यह दादा साहेब फाल्के फिल्म सिटी पर लैंड करता है। ब्रिज में कुल 31 पिलर हैं, और 31 पिलर का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। कुल 30 में से 20 स्पैन का काम पूरा हो चुका है, जबकि बाकी 10 स्पैन का काम जल्द पूरा करने का प्लान है। कुल मिलाकर परियोजना का 75 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

# अजीत पवार का फर्जी वीडियो वायरल

## • एनसीपी ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



सोशल मीडिया पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत अजीत पवार का एक फर्जी ऑडियो और वीडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक हलकों में खलबली मच गई है। एनसीपी (एपी) के प्रदेशाध्यक्ष सुनील तटकरे ने इसे पूरी तरह भ्रामक और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से तैयार की गई एक साजिश करार दिया है। तटकरे ने चेतावनी दी है कि जो लोग इस फर्जी क्लिप को साझा कर रहे हैं, वे तुरंत रुक जाएं, अन्यथा उनके खिलाफ साइबर कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लोकतांत्रिक मूल्यों और दिवंगत नेता के सम्मान पर हमला

एनसीपी ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए इसे बेहद 'घटिया और निंदनीय' बताया है। तटकरे ने भावुक होते हुए कहा कि एक दिवंगत नेता की छवि का इस तरह प्रोपेगैंडा के लिए इस्तेमाल करना न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रहार है, बल्कि समाज के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे इस तरह की किसी भी संदिग्ध सामग्री को आगे फॉरवर्ड न करें और डिजिटल माध्यमों पर सावधानी बरतें।

### राजनीतिक लाभ के लिए भ्रम फैलाने की कोशिश

सुनील तटकरे के अनुसार, कुछ शरारती तत्व अपने राजनीतिक और सामाजिक हितों को साधने के लिए अजीत दादा की आवाज का दुरुपयोग कर झूठे बयान फैला रहे हैं। उन्होंने इसे एक गंभीर और दंडनीय अपराध बताते हुए कहा कि यह महाराष्ट्र की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच अजीत दादा के प्रति विश्वास और सम्मान की भावना का गलत फायदा उठाने की कोशिश है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वे अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस और साइबर सेल में मामला दर्ज कराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# महिला डिब्बे में बुर्का पहनकर चढ़ा आदमी, पुलिस ने दबोचा



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

6 फरवरी 2026 को मध्य रेल की कर्जत लोकल ट्रेन के महिला सेकंड क्लास डिब्बे में एक पुरुष व्यक्ति बुर्का पहनकर यात्रा करते हुए देखा गया। यह व्यक्ति घाटकोपर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की विपरीत दिशा से उतरकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच शुरू की।

### सीसीटीवी के आधार पर गिरफ्तारी

सीसीटीवी फुटेज की जांच के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसे ट्रेस किया गया और बाद में नासिक से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान अल्ताफ हुसैन शेख (57 वर्ष) के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है और वर्ष 2022 से विभिन्न अस्पतालों में मनोविकार संबंधी उपचार ले रहा है। आरोपी को गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने पकड़कर आगे की कार्रवाई के लिए आरपीएफ घाटकोपर को सौंप दिया।

# डीसीएम शिंदे के बंगले पहुंचे राज ठाकरे

## आधा घंटा हुई बातचीत



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे बुधवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से लगभग आधे घंटे तक मिले और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने मीडिया को कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी। मनसे सूत्रों ने बताया कि यह मुलाकात आगामी भविष्य में दोनों दलों के तालमेल से संबंधित थी।

### कल्याण-डोंबिवली में समर्थन और मुंबई निगम सहयोग

मनसे सूत्रों के अनुसार, सुबह ही मनसे के महासचिव और प्रवक्ता संदीप देशपांडे और अविनाश जाधव ने राज ठाकरे से मुलाकात की। इसके बाद राज ठाकरे उपमुख्यमंत्री के शासकीय आवास नंदनवन बंगले पहुंचे और शिंदे से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, कल्याण डोंबिवली नगर निगम में मनसे ने शिंदे समूह को बिना शर्त समर्थन दिया था। साथ ही मुंबई नगर निगम में मनसे नगरसेवकों को सहयोग देने की मांग राज ठाकरे ने एकनाथ शिंदे से की, और शिंदे ने इसके लिए आश्वासन दिया।

### यूबीटी से दूरी बनाने का संकेत

मुंबई नगर निगम चुनाव में मनसे ने शिवसेना यूबीटी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। चुनाव प्रचार के दौरान राज ठाकरे ने राज्य सरकार के विरुद्ध आक्रामक भाषण दिया था, लेकिन चुनाव में मनसे के साथ शिवसेना यूबीटी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। मनसे के केवल छह पार्षद चुने गए हैं। इसी कारण मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने आज उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात के बाद मनसे का शिवसेना यूबीटी से दूरी बनाने का संकेत मिल रहा है। इस संदर्भ में मनसे पार्टी की ओर से अभी कोई अधिकृत जानकारी जारी नहीं की गई है।

# धारावी डिपो के अंदर बेकाबू हुई बेस्ट बस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



मुंबई की सार्वजनिक परिवहन सेवा BEST की एक बस बुधवार, 18 फरवरी 2026 की दोपहर धारावी डिपो के भीतर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह घटना तब घटी जब बस डिपो परिसर में थी और अचानक अनियंत्रित होकर एक हिस्से से जा टकराई। इस हादसे ने डिपो में मौजूद कर्मचारियों और यात्रियों के बीच हड़कंप और अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया।

घटनास्थल से सामने आए दृश्यों और वीडियो से हादसे की गंभीरता का पता चलता है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और डिपो परिसर में चारों तरफ कांच के टुकड़े बिखर गए। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, बस की टक्कर से डिपो की दीवार या पिलर जैसे बुनियादी ढांचे को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है।

### घायलों की संख्या पर संशय बरकरार

इस दुर्घटना में किसी के घायल होने या हताहत होने के बारे में आधिकारिक तौर पर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। अधिकारी अभी भी यह जानकारी जुटाने में लगे हैं कि हादसे के वक्त बस में कितने लोग सवार थे और क्या डिपो का कोई कर्मचारी इसकी चपेट में आया है। प्रशासन द्वारा जल्द ही इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि किए जाने की उम्मीद है।

### तकनीकी खराबी या मानवीय भूल?

BEST प्रशासन ने हादसे के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी है। मुख्य रूप से यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या यह दुर्घटना बस में आई किसी तकनीकी खराबी के कारण हुई या फिर यह ड्राइवर की किसी मानवीय चूक का परिणाम थी। एक व्यस्त डिपो के सुरक्षित दायरे में ऐसी घटना का होना सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### सुरक्षा ऑडिट और मेंटेनेंस की मांग उठी

मुंबई में हाल ही में हुए अन्य हादसों, जैसे मुलुंड में मेट्रो स्लैब गिरना, के साथ इस घटना ने शहर में परिवहन सुरक्षा पर बहस छेड़ दी है। विशेषज्ञों और यात्रियों ने मांग की है कि BEST को अपने पुराने बसों के बेड़े की मरम्मत और ड्राइवरों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए डिपो और वाहनों का नियमित सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य करने की आवश्यकता जताई जा रही है।

# सात सीट खातिर चुनाव, निर्दलीयों पर सियासी दांव

राज्यसभा चुनाव

## • महायुति को मिल सकती हैं सात में से 6 सीट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



राज्यसभा में महाराष्ट्र की रिक्त होने वाली सात सीटों के लिए चुनाव की घोषणा हो चुकी है। महाराष्ट्र विधानसभा में विधायकों की दलीय संख्या के आधार पर महायुति का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। मौजूदा गणित के अनुसार, सत्ताधारी महायुति को छह सीटें और विपक्षी महाविकास आघाड़ी को एक सीट मिलने की संभावना है। 288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में फिलहाल दो सीट रिक्त हैं। भाजपा के पास 131 विधायक, शिवसेना (शिंदे गुट) के 57 विधायक और राकांपा (अजित पवार) के पास 40 विधायक हैं। अन्य समर्थक विधायकों को जोड़कर यह संख्या लगभग 235 तक पहुंचती है। विपक्षी महाविकास आघाड़ी के पास शिवसेना (उद्धव) के 20, कांग्रेस के 16 और राकांपा (शरद) के 10 विधायक हैं, यानी कुल 46 विधायकों का संख्या बल।

### महायुति के लिए जीत लगभग तय

सूत्रों के अनुसार, महायुति के छह उम्मीदवारों की जीत लगभग तय मानी जा रही है। इसमें भाजपा को चार, शिंदे गुट को एक और अजित पवार गुट को एक सीट मिलने की संभावना है। सातवीं सीट के लिए मुकाबला रोचक हो सकता है, क्योंकि अनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली (सिंगल ट्रांसफरेबल वोट) के तहत एक सीट के लिए 41 विधायकों का कोटा है। महाविकास आघाड़ी के पास कुल लगभग 46 विधायक हैं, जिससे उनकी एक सीट लगभग तय मानी जा रही है। लेकिन दूसरी सीट के लिए उन्हें निर्दलीय और छोटे दलों के समर्थन पर निर्भर रहना होगा।


**पश्चिम रेलवे**
**POH शेड्यूल से संबंधित कार्य कराना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, ईएमयू कार्यशाला, महालक्ष्मी, मुंबई–400013, **ई-टेंडर सूचना संख्या: EL90/MX/2025-26/15 दिनांक: 16.02.2026** आमंत्रित करते हैं। **ई-टेंडर कार्य का नाम:** ईएमयू कार्यशाला, महालक्ष्मी में कार्य क्षेत्र के अनुसार विभिन्न उपकरणों के मार्क-III/मार्क-IV टॉवर वैगन का POH शेड्यूल से संबंधित कार्य करना। **कार्य की अनुमानित लागत:** 45,05,882.52, **ईएमडी:** 90,100/-, **निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि व समय:** 09.03.2026 को 12:00 बजे तक (इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से)। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 1134

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**ट्रैक निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग सिस्टम की खरीद**

मुख्य अभियंता, पश्चिम रेलवे, चर्चगेट ,डिज़ाइन, निर्माण, आपूर्ति, कमीशनिंग, संचालन एवं रखरखाव हेतु ट्रैक निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग सिस्टम (TIMS) के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा आमंत्रित करते हैं। यह कार्य RDSO की तकनीकी विनिर्देश संख्या TM/IM/419 (संशोधन 1, 2023) पर आधारित है। **निविदा संख्या (ई-ऑफिस फाइल नंबर): W641-22-23-06C (E-434312). स्टोर्स निविदा का विवरण:** ट्रैक निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग सिस्टम (TIMS) की खरीद, मात्रा **(Qty):** 16, **कुल निविदा मूल्य:** ₹223.71 करोड़, **ईएमडी (EMD):** ₹50 लाख, **ऑनलाइन प्री-बिड कॉन्फ्रेंस:** 25.02.2026 को प्रातः 11:30 बजे, **ई-निविदा बंद होने की तिथि:** 17.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे, अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1132

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य**

वरिष्ठ मंडलीय सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (उत्तर), द्वितीय तल, मंडलीय रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई–400 008, **ई-निविदा संख्या: SG-216-2-152-WA, दिनांक 14.02.2026** आमंत्रित करते हैं। **कार्य एवं स्थान:** CHI कार्यालय (नंदुरबार), गुड्स शेड (बारडोली, चालथान), आरपीएफ बैरक (दहानू रोड), एमडीडीटीआई छात्रावास (वलसाड), एस एंड टी स्टोर्स (वलसाड, नंदुरबार) तथा वायरा सेक्शन में स्टील गर्डर प्रतिस्थापन से संबंधित कार्यों हेतु दूरसंचार मदों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग एवं एकीकरण। **कार्य की लागत:** ₹50,65,805.08. **ईएमडी:** ₹1,01,300/-. **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 11.03.2026 को 15:00 बजे तक, **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 11.03.2026 को 15:30 बजे, निविदा को वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। 1130

Like us on: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
**सोलापुर मण्डल**
**इंजीनियरिंग कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई–निविदाये आंमत्रित करते है. **निविदा क्र.:** 02-2026-SrDENC **कार्य का नाम** : 1) TRR(P) - 32.705 km in KWV-MRJ section, 15 Km in KWV-LUR section under Sr.DEN(C) section and TFR - 39.8 km in Solapur division. 2) Extension of ballast siding at Bhigvan station and creation of new ballast siding at Kavthemahankal station under Sr.DEN(C) section **अनुमानित लागत रु.:** Rs. 5,85,95,067.17 **बयाना रक्कम:** Rs. 4,43,000.00 **समापन की अवधी:** 18 Months **अनुरक्षण की अवधी:** Nil **1. निविदा क्र.:** 03-2026-SrDENC **कार्य का नाम** : Hiring of truck of 10 MT capacity for transportation of P Way materials for 1500 kms per month for - 1) SSE/P.Way/JH & KWV(N) under ADEN/KWV(BG), 2) SSE/P.way/LUR & BTW under ADEN/LUR and 3) SSE/P.way/PVR & MRJ under ADEN/PVR for period of 2 years under Sr.DEN/C/SUR section in Solapur division (Total 06 nos. of trucks for 10 MT capacity for period of 2 year). **अनुमानित लागत रु.:** Rs. 1,47,21,237.51 **बयाना रक्कम:** Rs. 2,23,600.00 **समापन की अवधी:** 24 Months **अनुरक्षाण की अवधी:** Nil. www.ireps.gov.in **इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिंनाक और समय:** 11/03/2026 को 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in **इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिंनाक और समय:** 11/03/2026 को 15.30 बजे
• निविदाकारों से निवेदन हैं की कोइ बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे। ANJ-16

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

**मध्य रेल**
**सोलापुर मण्डल**
**इंजीनियरिंग कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई–निविदाये आंमत्रित करते है. **1. निविदा क्र.:** 03-2026-SrDENS **कार्य का नाम** : 1. Improvement to approach road at LC 22,24,31,49 in KWV-MRJ section & Provision of standard height gauge at LC 70 in KWV-MRJ section 2. Improvement to approach road at LC 61,74,82,91,3 in SUR-WD section & Provision of standard height gauge at LC 82, 91 & 3 in SUR-WD section. 3. Improvement to gate lodges and other miscellaneous works for safety of road users in Sr.DEN(S) section. **अनुमानित लागत रु.:** Rs. 1,12,61,658.40 **बयाना रक्कम:** Rs. 2,06,300.00 **समापन की अवधी:** 6 Months **अनुरक्षण की अवधी:** 12 Months. **1. निविदा क्र.:** 04-2026-SrDENS **कार्य का नाम** : Construction of Retaining wall and side drain from km 587/900-589/460=1560m (UP side) between MR-SDB section of ADEN/KLBG sub division **अनुमानित लागत रु.:** Rs. 3,87,66,722.43 **बयाना रक्कम:** Rs. 3,43,800.00 **समापन की अवधी:** 12 Months **अनुरक्षण की अवधी:** 06 Months. www.ireps.gov.in **इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिंनाक और समय:** 09/03/2026 को 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in **इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिंनाक और समय:** 09/03/2026 को 15.30 बजे
• निविदाकारों से निवेदन हैं की कोइ बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे। ANJ-15

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

**पश्चिम रेलवे**
**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या: S/09/2026 दिनांक: 16.02.2026**


| क्र. सं. | निविदा संख्या | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खोलने की तिथि (T.O.D.) |
|---|---|---|---|---|
| 69 | 05253124A | पर्यावरण अनुकूल पेपर पैकिंग (बेड रोल कवर) | 51,17,200 नग | 16-मार्च-2026 |
| 70 | 11255040A | 01 संख्या उन्नत 08 लेन की खरीद | 1 नग | 11-मार्च-2026 |

**संशोधन**

कृपया **निविदा सूचना संख्या S-67-2025, दिनांक 13.11.2025, क्रमांक 699** के लिए अंतिम तिथि **"24.02.2026"** पढ़ें।

विस्तृत सूचना, ईएमडी, खरीद प्रतिबंध तथा विस्तृत निविदा शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in देखें। 1131

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly



**जे.आर.एच., मुंबई में होम्योपैथी प्रैक्टिशनर की नियुक्ति (AYUSH के अंतर्गत)**
(संदर्भ: अधिसूचना क्रमांक E/SBF/1075/48 दिनांक 29/05/2025)

AYUSH के अंतर्गत **जगजीवन राम अस्पताल, मुंबई सेंट्रल में 8 घंटे (पूर्णकालिक) के लिए मानद (Hon.) होम्योपैथी प्रैक्टिशनर की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू** आयोजित किया जाएगा। यह नियुक्ति पश्चिम रेलवे के स्टाफ बेनिफिट फंड के अंतर्गत की जाएगी।

| दिन, दिनांक और समय | स्थान | रिपोर्ट करें |
|---|---|---|
| दिनांक: शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 समय: प्रातः 10:00 बजे से | पश्चिम रेलवे मुख्यालय कार्यालय, पुरानी इमारत, दूसरी मंजिल, 'संवाद' हॉल, चर्चगेट, मुंबई – 400020 | उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (कल्याण एवं बिल्स), चर्चगेट, मुंबई |

उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए **29/05/2025 की अधिसूचना** पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट wr.indianrailways.gov.in पर देख सकते हैं।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
1137

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

संपादकीय

# चुनावी सर्वेक्षण बनाम लोकतांत्रिक निष्पक्षता

नेपाल के निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव-पूर्व सर्वेक्षणों और भविष्यवाणियों पर रोक लगाने का हालिया निर्देश लोकतांत्रिक शुचिता बनाए रखने की दिशा में एक साहसिक कदम है। आयोग का स्पष्ट मानना है कि मतदान से पहले प्रसारित होने वाले ये सर्वे मतदाताओं के स्वतंत्र निर्णय को प्रभावित करते हैं, जिससे 'बैंडवैगन इफेक्ट' (लहर के साथ बहना) जैसी स्थितियां उत्पन्न होती हैं। यह निर्णय सूचना के अधिकार और चुनावी निष्पक्षता के बीच संतुलन साधने का एक गंभीर प्रयास है, ताकि मतदाता किसी मनोवैज्ञानिक दबाव या प्रायोजित शोर के बजाय अपनी स्वतंत्र इच्छा से मतदान कर सके। भारतीय चुनावी व्यवस्था के संदर्भ में देखें तो यहाँ नियम अत्यंत जटिल और कई मायनों में अपर्याप्त हैं। भारत में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 126A के तहत मतदान प्रक्रिया के दौरान 'एग्जिट पोल' पर तो पूर्ण प्रतिबंध है, लेकिन 'ओपिनियन पोल' (चुनाव-पूर्व सर्वे) पर पूरी तरह रोक नहीं है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने कई बार ओपिनियन पोल पर भी प्रतिबंध लगाने की वकालत की है, परंतु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार के चलते इस पर पूर्ण सहमति नहीं बन पाई है। वर्तमान में भारत में मतदान से केवल 48 घंटे पहले इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर ऐसे सर्वेक्षणों के प्रदर्शन की मनाही है, लेकिन सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर यह अब भी अनियंत्रित है। भारतीय संदर्भ में सबसे बड़ी समस्या इन सर्वेक्षणों की जवाबदेही का पूर्ण अभाव है। आज स्थिति यह है कि कोई भी संस्था या मीडिया हाउस मनमर्जी से कोई भी आंकड़ा परोस देता है। इन सर्वेक्षणों की कार्यप्रणाली अक्सर संदिग्ध होती है और इनके पीछे की फंडिंग पारदर्शी नहीं होती। जब ये सर्वे बुरी तरह फेल होते हैं—जैसा कि हमने 2004 के लोकसभा चुनावों, 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव और हालिया 2024 के आम चुनाव के एग्जिट पोल्स में देखा—तो न तो इन एजेंसियों की साख पर कोई असर पड़ता है और न ही उन पर कोई कानूनी कार्रवाई होती है। गलत भविष्यवाणियों के बाद भी ये एजेंसियां अगले चुनाव में फिर से नए आंकड़ों के साथ हाजिर हो जाती हैं, मानो कुछ हुआ ही न हो। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में अक्सर बहुत छोटे और पक्षपाती 'सैंपल साइज' के आधार पर पूरे देश का मूड बता दिया जाता है। डेटा की वैज्ञानिकता के बजाय यहाँ 'अनुमान' और 'प्रायोजित लहर' का खेल अधिक चलता है। कई बार ये सर्वे राजनीतिक दलों द्वारा सुनियोजित तरीके से प्रायोजित किए जाते हैं, जिनका एकमात्र उद्देश्य मतदाताओं को भ्रमित करना और हवा का रुख अपनी ओर मोड़ना होता है। जब टीवी स्क्रीन पर चमकते हुए ग्राफिक्स और काल्पनिक आंकड़ों को तथ्य की तरह पेश किया जाता है, तो यह सीधे तौर पर जनता को बरगलाने और उनके विवेक को बंधक बनाने का काम है। इस भ्रामक तंत्र का असर शेयर बाजार से लेकर आम नागरिक की धारणा तक पड़ता है। 2024 के एग्जिट पोल्स के बाद शेयर बाजार में आई भारी अस्थिरता इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जहाँ गलत आंकड़ों के कारण निवेशकों के करोड़ों रुपये स्वाहा हो गए। इसके बावजूद किसी भी एजेंसी ने अपनी विफलता की नैतिक जिम्मेदारी नहीं ली। यह स्थिति दर्शाती है कि बिना किसी दंडात्मक प्रावधान या मानक आचार संहिता के, ये चुनावी सर्वेक्षण लोकतंत्र के लिए एक 'खतरनाक हथियार' बनते जा रहे हैं।

# मासिक धर्म : आखिर चुप्पी कब तक ?



**सुजाता मुरकर**
**सोशल वर्कर हैं और सीएसआर के अंतर्गत फंड रेज़िंग का लंबा अनुभव है।**

**मासिक धर्म को लेकर फैली भ्रांतियां, जैसे इस दौरान लड़की अशुद्ध होती है या उसे रसोई और धार्मिक गतिविधियों से दूर रहना चाहिए, मानसिक दबाव को और बढ़ा देती हैं। किशोरावस्था, जो आत्मनिर्माण और आत्मविश्वास का समय होता है।**

भारत आज विश्व पटल पर तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, डिजिटल प्रगति और महिला सशक्तिकरण की बात करता है। लेकिन देश के आंतरिक और ग्रामीण इलाकों में किशोरियों के लिए मासिक धर्म आज भी झिझक, डर और गलत धारणाओं से घिरा विषय बना हुआ है। मासिक धर्म एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, जो हर किशोरी के जीवन का सामान्य हिस्सा है, फिर भी इसे छुपाने योग्य या शर्म का विषय समझा जाता है। यह केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि गरिमा, शिक्षा, समान अवसर और लैंगिक न्याय से जुडा गंभीर सामाजिक मुद्दा है। जब तक समाज मासिक धर्म को सामान्य रूप में स्वीकार नहीं करेगा, तब तक महिला सशक्तिकरण अधूरा ही रहेगा। स्थिति की गंभीरता आंकड़ों से स्पष्ट होती है। विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के अनुसार भारत में लगभग 23 प्रतिशत लड़कियां मासिक धर्म शुरू होने के बाद स्कूल छोड़ देती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 40 प्रतिशत किशोरियां अपने पहले मासिक धर्म से पहले इसके बारे में कोई जानकारी नहीं रखतीं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के हालिया आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण भारत में अब भी बड़ी संख्या में महिलाएं और किशोरियां पारंपरिक कपड़े का उपयोग करती हैं, जिनमें से कई स्वच्छता मानकों के अनुरूप नहीं होते। सुरक्षित मासिक धर्म प्रबंधन की पूरी सुविधा से वंचित किशोरियों का प्रतिशत कई राज्यों में 50 प्रतिशत से अधिक है। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि उन लाखों जीवनों की कहानी हैं जो चुप्पी और असुविधा में गुजर रहे हैं। ग्रामीण और आंतरिक भारत में समस्या बहुआयामी है। अनेक स्कूलों में अलग और कार्यरत शौचालय नहीं हैं, पानी की



नियमित उपलब्धता नहीं है और सेनेटरी उत्पादों के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था भी सीमित है। ऐसी परिस्थितियों में किशोरियां मासिक धर्म के दिनों में स्कूल जाना टाल देती हैं। महीने में चार से पांच दिन की अनुपस्थिति धीरे धीरे उनकी पढ़ाई को प्रभावित करती है और कई मामलों में ड्रॉपआउट की स्थिति पैदा कर देती है। यह केवल शिक्षा की हानि नहीं, बल्कि भविष्य के अवसरों का संकुचन है। स्वास्थ्य के स्तर पर भी स्थिति चिंताजनक है। अस्वच्छ कपड़े का उपयोग, उन्हें धूप में न सुखा पाना या समय पर बदलने की सुविधा का अभाव संक्रमण और त्वचा संबंधी समस्याओं को जन्म देता है। कई किशोरियां दर्द, कमजोरी या असहजता के बावजूद उचित सलाह के अभाव में चुपचाप सहन करती रहती हैं। मासिक धर्म को लेकर फैली भ्रांतियां, जैसे इस दौरान लड़की अशुद्ध होती है या उसे रसोई और धार्मिक गतिविधियों से दूर रहना चाहिए, मानसिक दबाव को और बढ़ा देती हैं। किशोरावस्था, जो आत्मनिर्माण और आत्मविश्वास का समय होता है, उसी समय लड़कियां हीन भावना और संकोच से घिर जाती हैं। मासिक धर्म पर चुप्पी की जड़ें सामाजिक संरचना में गहराई से मौजूद हैं। कई माताएं स्वयं वैज्ञानिक जानकारी से वंचित रहीं, इसलिए वे अपनी बेटियों से खुलकर बात नहीं कर पातीं। स्कूलों में प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा शामिल तो है, लेकिन उसका प्रभावी क्रियान्वयन हर जगह समान नहीं है। शिक्षकों का संकोच, संसाधनों की कमी और सांस्कृतिक दबाव इस विषय को खुलकर पढ़ाने में बाधा बनते हैं। परिणामस्वरूप किशोरियां सही और वैज्ञानिक जानकारी के बजाय साथियों या अपुष्ट स्रोतों पर निर्भर हो जाती हैं। समाधान के लिए समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है। सबसे पहले, स्कूलों में आयु उपयुक्त और वैज्ञानिक आधार पर मासिक धर्म शिक्षा को अनिवार्य और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। यह शिक्षा केवल लड़कियों तक सीमित न रहकर लड़कों को भी दी जानी चाहिए, ताकि वे संवेदनशील और सहयोगी बन सकें। दूसरा, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय, पानी की उपलब्धता और सेनेटरी उत्पादों के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार और स्थानीय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। तीसरा, सामुदायिक स्तर पर मां बेटी संवाद कार्यक्रम और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से पीढ़ियों से चली आ रही चुप्पी को तोड़ा जा सकता है। स्वयंसेवी संस्थाएं और सामुदायिक संगठन भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

हमारी गीता

# गीता का मनोवैज्ञानिक रणक्षेत्र : भय बनाम शांति



**स्वामिनी निष्कलानंदा**
चिन्मय मिशन कल्याण

कुरुक्षेत्र की युद्धभूमि पर जब सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं, तब युद्ध का शंखनाद केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि दो भिन्न मानसिकताओं का दर्पण था। गीता के प्रथम अध्याय का यह प्रसंग हमें सिखाता है कि अपराधी मन और सात्त्विक मन संकट के समय कैसे व्यवहार करते हैं। दुर्योधन का भय और भीष्म का शंखनाद पांडवों की व्यवस्थित सेना को देखकर दुर्योधन अत्यंत भयभीत हो गया। उसका भय इतना गहरा था कि वह अपने गुरु द्रोणाचार्य के पास जाकर कपटपूर्ण बातें करने लगा। जब उसे वहाँ उपेक्षा मिली, तो उसने भीष्म पितामह की प्रशंसा शुरू कर दी। वास्तव में, यह प्रशंसा नहीं बल्कि उसकी असुरक्षा से उपजी निंदा थी। दुर्योधन के इसी भय को दूर करने के लिए भीष्म पितामह ने सिंहनाद के समान शंख बजाया। हैरानी की बात यह है कि आक्रमण की पहल पांडवों की ओर से होनी चाहिए थी क्योंकि उनका राज्य छीना गया था, परंतु शंखनाद कौरवों की ओर से हुआ। यह दर्शाता है कि जो सत्ता को गलत तरीके से पकड़ कर रखते हैं (जैसे धृतराष्ट्र), उन्हें खोने का भय सबसे अधिक होता है। क्रोध और अविवेक व्यक्ति को



अनावश्यक रूप से आक्रामक बना देते हैं। कौरवों की ओर से हुआ वह भीषण शोर इतना तीव्र था मानो धरती और आकाश कांप उठे हों। लेकिन पांडवों के पक्ष में इसका कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा। जहाँ भयभीत मन (कर्मचारी और बॉस के उदाहरण की तरह) हड़बड़ी में गलत निर्णय लेता है, वहीं सात्त्विक मन अडिग रहता है। पांडवों की शांति उनके आत्मविश्वास और धर्म के निष्कर्षः धृतराष्ट्र के प्रश्न ₹मेरे पुत्रों ने क्या किया? का उत्तर यहीं मिल जाता है। कौरवों का कोलाहल उनके भीतर के खोखलेपन और हार के डर को दर्शा रहा था, जबकि पांडवों का धैर्य उनकी होने वाली महान विजय की पूर्व सूचना थी।

शख्सियत | सद्गुरु राम सिंह कुका

# स्वतंत्रता संग्राम के अलख जगाने वाले नायक



**भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में कई ऐसे नायक हुए हैं जिन्होंने गांधीजी के सत्याग्रह और असहयोग आंदोलन से दशकों पहले ही अंग्रेजों की नींव हिला दी थी।**

उन्होंने न केवल समाज को कुरीतियों से मुक्त किया, बल्कि 'स्वदेशी' और 'बहिष्कार' को राष्ट्रभक्ति का मुख्य हथियार बनाया। राम सिंह कुका का जन्म 19 फरवरी 1816 को पंजाब के लुधियाना जिले के 'भैणी रायां' गाँव में हुआ था। उनके पिता जस्सा सिंह एक साधारण शिल्पकार थे। बचपन से ही राम सिंह का झुकाव अध्यात्म की ओर था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' का गहन अध्ययन किया, जिसने उनके भीतर समानता और निर्भयता के बीज बोए। युवावस्था में राम सिंह ने महाराजा रणजीत सिंह की सेना में भर्ती होकर देश सेवा की। 1839 में महाराजा के निधन के बाद जब सिख सेना और प्रशासन में भ्रष्टाचार बढ़ा और अंग्रेजों ने पंजाब पर अपनी पकड़ मजबूत की, तो राम सिंह का मन विचलित हो गया। उन्होंने सेना छोड़ दी और वापस अपने गाँव आकर खेती और भक्ति में लग गए। यहीं से उन्होंने एक बड़े सामाजिक और राजनीतिक बदलाव की नींव रखी। 12 अप्रैल 1857 को, जब भारत में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला भड़कने वाली थी, राम सिंह जी ने 'नामधारी मिशन' की स्थापना की। उनके अनुयायियों को 'कूका' कहा जाने लगा क्योंकि वे भक्ति में लीन होकर ऊंचे स्वर में 'कूक' (पुकार) लगाते थे। उन्होंने पाँच सफेद वस्त्रों और सीधी पगड़ी की एक नई पहचान दी, जो सादगी और एकता का प्रतीक बनी। राम सिंह कुका का मानना था कि एक गुलाम और कुरीतियों में जकड़ा हुआ समाज कभी आजाद नहीं हो सकता। उन्होंने निम्नलिखित सुधार किए। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या और दहेज प्रथा का कड़ा विरोध किया। उन्होंने 'आनंद कारज' (सादगीपूर्ण विवाह) की शुरुआत की, जिसमें खर्च न के बराबर होता था। व्यसन मुक्तिः उन्होंने शराब, मांस और नशीले पदार्थों के सेवन को पूरी तरह प्रतिबंधित किया। इतिहासकार मानते हैं कि राम सिंह कुका 'असहयोग आंदोलन' के असली जनक थे। उन्होंने 1860 के दशक में ही अंग्रेजों को कमजोर करने के लिए 'असहयोग' (Non-co-operation) की नीति अपनाई। कूकाओं ने केवल स्वदेशी खादी पहनी और विदेशी कपड़ों का त्याग किया। उन्होंने अपनी अलग डाक व्यवस्था (Post System) बनाई क्योंकि वे अंग्रेजों की डाक सेवा का उपयोग नहीं करना चाहते थे। उन्होंने ब्रिटिश स्कूलों और अदालतों का बहिष्कार कर अपनी पंचायतें और पाठशालाएं स्थापित कीं। जनवरी 1872 में गौ-रक्षा के मुद्दे पर कूकाओं और अंग्रेजों के बीच संघर्ष चरम पर पहुंच गया। मलेरकोटला में एक बड़ी झड़प हुई, जिसके बाद अंग्रेज अधिकारी एल. कोवान ने 66 कूका क्रांतिकारियों को बिना किसी मुकदमे के तोपों से उड़ाने का आदेश दिया। इतिहास गवाह है कि उन वीरों ने पीछे से वार सहने के बजाय सीना तानकर तोपों का सामना किया।


जीवन ऊर्जा

छत्रपति शिवाजी महाराज : जन्म -19 फरवरी 1630 | जन्म

**छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के एक महान योद्धा और रणनीतिकार थे। उनका जन्म 19 फरवरी 1630 को हुआ था। उन्होंने मुगलों और बीजापुर के खिलाफ लड़कर 'हिंदवी स्वराज' की स्थापना की। अपनी छापामार युद्ध नीति और नौसैनिक शक्ति के कारण वे विश्व विख्यात हुए। 3 अप्रैल 1680 को रायगढ़ में उनकी मृत्यु हुई।**


# बिना रुके प्रयास करने वाले ही अंत में विजय प्राप्त करते हैं

शत्रु को कमजोर न समझें, और न ही बहुत बलवान समझकर डरें। जब हौसले बुलंद हों, तो पहाड़ भी मिट्टी का ढेर लगता है। स्वतंत्रता एक ऐसा वरदान है, जिसे पाने का अधिकार हर किसी को है। बहादुरी से मरना, डरपोक बनकर जीवित रहने से कहीं बेहतर है। बिना रुके प्रयास करने वाले ही अंत में विजय प्राप्त करते हैं। डरने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है, दुनिया केवल वीरों का सम्मान करती है। प्रतिभा का उपयोग केवल खुद के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र की सेवा के लिए होना चाहिए। स्वराज का अर्थ केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। एक छोटा कदम छोटे लक्ष्य पर, बाद में विशाल लक्ष्य भी हासिल करा देता है। प्रजा की खुशी में ही राजा की खुशी निहित है। न्यायपूर्ण शासन ही लंबे समय तक टिका रहता है। अपने आत्मबल को इतना मजबूत बनाओ कि शत्रु थर-थर कांपने लगे। किसी भी राज्य की रक्षा उसके किलों से नहीं, बल्कि नागरिकों के चरित्र से होती है। स्त्री का सम्मान करना हर योद्धा का परम धर्म है। शत्रु पर पहला वार करने से पहले उसकी शक्ति का सही आकलन करें। समय कभी नहीं रुकता, जो समय का सही उपयोग करता है, वही सफल होता है। जरूरी नहीं कि हर युद्ध आमने-सामने की लड़ाई से जीता जाए, कूटनीति भी एक हथियार है। अंधेरे में भी रास्ता वही बना सकता है, जिसे अपनी तलवार और इरादों पर भरोसा हो। यदि शत्रु शक्तिशाली है, तो पीछे हटना कमजोरी नहीं, बल्कि एक नई रणनीति का हिस्सा है। अनुशासन ही सेना की



असली ताकत है। जीतने के लिए पहले खुद को जीतना आवश्यक है। धर्म का अर्थ सत्य के मार्ग पर चलना और अधर्म का विनाश करना है। दूसरों के प्रति वैसा ही व्यवहार करें, जैसा आप खुद के लिए चाहते हैं। मातृभूमि की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। झूठ बोलकर हासिल की गई जीत ज्यादा दिन नहीं टिकती। पवित्रता केवल विचारों में नहीं, कर्मों में भी होनी चाहिए। सच्चा मनुष्य वही है जो दूसरों के दुख को अपना समझे। इतिहास गवाह है कि अन्याय कभी सफल नहीं होता। मुसीबतें तो हर किसी के जीवन में आती हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# पूर्ण शरणागति का चमत्कार: कुरुक्षेत्र की गौरैया और श्रीकृष्ण

महाभारत का युद्ध केवल दो सेनाओं के बीच का संघर्ष नहीं था, बल्कि यह धर्म, कर्म और अटूट विश्वास की एक पाठशाला भी था। कुरुक्षेत्र की उस रक्त रंजित भूमि से कई ऐसी कथाएँ निकली हैं, जो हमें जीवन के सबसे कठिन समय में धैर्य और ईश्वर पर विश्वास रखने की प्रेरणा देती हैं। ऐसी ही एक अद्भुत कथा है—'नन्हीं गौरैया और भगवान श्रीकृष्ण' की। युद्ध की तैयारियां अपने अंतिम चरण में थीं। कुरुक्षेत्र के मैदान को समतल किया जा रहा था ताकि रथ और सेनाएँ सुगमता से चल सकें। हाथियों की सहायता से विशाल वृक्षों को जड़ से उखाड़ा जा रहा था। इसी प्रक्रिया में एक बरगद का पेड़ नीचे गिर गया, जिस पर एक गौरैया का घोंसला था।

सौभाग्य से गौरैया के चार बच्चे तो जीवित बच गए, लेकिन वे इतने छोटे थे कि उड़ नहीं सकते थे। चारों ओर हाथियों की चिंघाड़ और सैनिकों की



हलचल के बीच उस छोटे से परिवार का अंत निश्चित लग रहा था। तभी उस गौरैया ने देखा कि भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन अपने रथ पर सवार होकर युद्धभूमि का निरीक्षण कर रहे हैं। वह नन्हीं पक्षी उड़कर भगवान के रथ के पास पहुँची और करुण स्वर में बोली, ₹हे माधव! कल यहाँ महायुद्ध शुरू होगा, मेरे बच्चे अभी उड़ना भी नहीं जानते। क्या वे अधर्म और विनाश के इस खेल में कुचल दिए जाएंगे?₹ भगवान ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹प्रकृति के अपने नियम हैं और कालचक्र अपनी गति से चलता है। तब गौरैया ने वह बात कही जिसने ईश्वर को भी विवश कर दिया। उसने कहा, ₹प्रभु, मैं काल के नियम नहीं जानती, मैं बस आपको जानती हूँ। मैं अपना और अपने परिवार का भाग्य आपके चरणों में समर्पित करती हूँ।₹ उसकी पूर्ण शरणागति देख कृष्ण ने उसे अपने घोंसले में भोजन एकत्र करने को कहा।

युद्ध के प्रथम दिन, जब शंखनाद हुआ, तो श्रीकृष्ण ने अचानक अर्जुन से उसका धनुष माँगा। अर्जुन चकित रह गया क्योंकि कृष्ण ने शस्त्र न उठाने की प्रतिज्ञा ली थी। कृष्ण ने एक हाथी की ओर बाण चलाया, लेकिन बाण हाथी को मारने के बजाय उसकी गर्दन में बंधी भारी लोहे की घंटी पर लगा।

घंटी कटकर ज़मीन पर ठीक उसी स्थान पर गिरी जहाँ गौरैया का घोंसला था। अर्जुन को लगा कि कृष्ण का निशाना चूक गया है, लेकिन कृष्ण ने शांत स्वर में कहा, ₹अर्जुन, मेरा कार्य पूर्ण हुआ।₹ अगले अठारह दिनों तक कुरुक्षेत्र की धरती पर भीषण नरसंहार हुआ। हज़ारों हाथी वहाँ से गुज़रे, रथों के पहिए चले और प्रलयंकारी अस्त्रों का प्रयोग हुआ। लेकिन वह भारी लोहे की घंटी अपनी जगह से एक इंच भी नहीं हिली। वह घंटी उस नन्हे परिवार के लिए एक ऐसा अभेद्य किला बन गई थी, जिसे दुनिया की कोई भी शक्ति नहीं भेद सकती थी। घंटी के भीतर अंधेरा तो था, लेकिन वहाँ जीवन सुरक्षित था और माँ गौरैया द्वारा जमा किया गया भोजन उनके अस्तित्व को बचाए हुए था। जब पांडवों की विजय हुई और युद्ध समाप्त हुआ, तब श्रीकृष्ण अर्जुन को उसी स्थान पर ले गए।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556


## अपने विचार

2010 में, जेफ्री एप्स्टीन द्वारा कथित तौर पर वित्त पोषित एक पुरस्कार कांग्रेस के (तत्कालीन) वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल को मिला था। सिब्बल को लंबे समय से गांधी परिवार के करीबी के रूप में देखा जाता रहा है। कांग्रेस की विदेश इकाई के प्रमुख सैम पित्रोदा भी ₹उसी गुट₹ से जुड़े हुए थे।



**प्रदीप भंडारी**
भाजपा प्रवक्ता

मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि कांग्रेस केरल हारेगी और विजयन जीतेंगे। क्या यह समझने के लिए और सबूतों की जरूरत है कि न तो गांधी की अपनी पार्टी के नेता और न ही उनके सहयोगी उन्हें गंभीरता से लेते हैं।



**शहजाद पूनावाला**
भाजपा प्रवक्ता

यह अलायंस सिर्फ लोकसभा चुनाव से पहले ही ऐक्टिव होता है। लोकसभा चुनाव जब आने वाले हैं, तभी INDIA गठबंधन का काम शुरू होता है। उससे पहले आपस में कोई संवाद तक नहीं होता। चुनाव से पहले कोई यह तक नहीं जानता कि आखिर INDIA अलायंस में चल क्या रहा है।



**सजय राउत**
नेता, शिवसेना (UBT)

जहां कहीं भी ऐसे चौराहे हैं, हम उन्हें हटा देंगे। टीपू के नाम पर चौराहे पाकिस्तान और इस्लामाबाद में बनाए जाने चाहिए। हम अपने हिंदू राष्ट्र में इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेंगे और हम चुप नहीं रहेंगे। इस तरह के चौराहों को बनाए रखने या बनाने के लिए हम किसी भी प्रयास का विरोध करेंगे।



**नितेश राणे**
मंत्री, महाराष्ट्र सरकार

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### पृथ्वीराज चौहान के नाम पर समाज हॉल की मांग



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर में बड़ी संख्या में निवास करने वाले चौहान समाज ने सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सम्राट पृथ्वीराज चौहान के नाम पर एक समाज हॉल उपलब्ध कराने की मांग की है। चौहान एकता फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने इस संबंध में महापौर अश्विनी निकम, विधायक कुमार आयलानी और आयुक्त मनीषा आव्हाले को निवेदन पत्र सौंपा। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि चौहान समाज प्रतिवर्ष पृथ्वीराज चौहान की जयंती और पुण्यतिथि मनाता है तथा कन्यादान, शिक्षा और चिकित्सा सहायता जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान देता है। उनका कहना है कि यदि समाज हॉल उपलब्ध कराया जाता है तो सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम अधिक सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जा सकेंगे और यह हॉल पूरे शहर के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर चौहान एकता फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश चौहान, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजाराम चौहान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वसंत चौहान, शहर अध्यक्ष हनुमान चौहान सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### खारबाव में नई गुड्स लाइन के लिए ट्रैफिक ब्लॉक, कई ट्रेनें प्रभावित

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा खारबाव में नई अप एवं डाउन गूड्स लाइन के कमीशनिंग कार्य हेतु दिवा–वसई रोड सेक्शन में 16 से 22 फरवरी 2026 तक ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार 21 और 22 फरवरी को कुछ यात्री ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहेंगी। 21 फरवरी को ट्रेन संख्या 61007 वसई रोड–दिवा मेमू, 69166 वसई रोड–पनवेल मेमू, 61006 दिवा–वसई रोड मेमू तथा 69161 पनवेल–दहानू रोड मेमू निरस्त रहेंगी, जबकि 22 फरवरी को 61001 बोइसर–वसई रोड मेमू, 61002 डोंबिवली–बोइसर मेमू और 61003 वसई रोड–दिवा मेमू रद्द रहेंगी। इसके अतिरिक्त ट्रेन संख्या 22718 सिकंदराबाद–राजकोट एक्सप्रेस को 21 फरवरी को भिवंडी रोड पर 1 घंटा 30 मिनट विनियमित किया जाएगा। वहीं 11087 वेरावल–पुणे एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 11:05 बजे के बजाय 14:35 बजे वेरावल से तथा 22944 इंदौर–दौंड एक्सप्रेस 16:30 बजे के बजाय 18:30 बजे इंदौर से प्रस्थान करेगी।

# त्योहार में गांव-घर जाने वालों को राहत

## पश्चिम रेलवे चलाएगी छह जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

यात्रियों की सुविधा तथा होली पर्व के दौरान यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे विशेष किराए पर छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने इसकी जानकारी दी।

### मुंबई सेंट्रल – बनारस साप्ताहिक एसी स्पेशल (08 फेरे)



ट्रेन संख्या 09183 मुंबई सेंट्रल – बनारस स्पेशल हर बुधवार को 22:30 बजे मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान कर शुक्रवार को 10:30 बजे बनारस पहुँचेगी। यह ट्रेन 04 मार्च से 25 मार्च 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09184 बनारस – मुंबई सेंट्रल स्पेशल हर शुक्रवार को 14:30 बजे बनारस से प्रस्थान कर रविवार को 04:20 बजे मुंबई सेंट्रल पहुँचेगी। यह ट्रेन 06 मार्च से 27 मार्च 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, अछनेरा, आगरा इदगाह, टुंडला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोगांव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, जंघई एवं भदोही स्टेशनों पर रुकेगी।

### मुंबई सेंट्रल – कटिहार साप्ताहिक स्पेशल (12 फेरे)

ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल – कटिहार स्पेशल हर शनिवार को 10:55 बजे मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान कर सोमवार को 07:30 बजे कटिहार पहुँचेगी। यह ट्रेन 21 फरवरी 2026 से 28 मार्च 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09190 कटिहार – मुंबई सेंट्रल स्पेशल हर मंगलवार को 00:15 बजे कटिहार से प्रस्थान कर अगले दिन 18:40 बजे मुंबई सेंट्रल पहुँचेगी। यह ट्रेन 24 फरवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया एवं नौगछिया स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09189 का सूरत स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा।

### वलसाड – दानापुर साप्ताहिक स्पेशल (12 फेरे)

ट्रेन संख्या 09025 वलसाड – दानापुर स्पेशल हर सोमवार को 08:40 बजे वलसाड से प्रस्थान कर अगले दिन 12:00 बजे दानापुर पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 फरवरी 2026 से 30 मार्च 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09026 दानापुर – वलसाड स्पेशल हर मंगलवार को 14:30 बजे दानापुर से प्रस्थान कर अगले दिन 21:30 बजे वलसाड पहुँचेगी। यह ट्रेन 24 फरवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भेस्तान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

### वडोदरा – गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल (10 फेरे)

ट्रेन संख्या 09111 वडोदरा – गोरखपुर स्पेशल हर सोमवार को 19:00 बजे वडोदरा से प्रस्थान कर अगले दिन 23:30 बजे गोरखपुर पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 फरवरी 2026 से 23 मार्च 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09112 गोरखपुर – वडोदरा स्पेशल हर बुधवार को 05:00 बजे गोरखपुर से प्रस्थान कर अगले दिन 08:35 बजे वडोदरा पहुँचेगी।

### वडोदरा – मऊ साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल (12 फेरे)

ट्रेन संख्या 09195 वडोदरा – मऊ स्पेशल हर शनिवार को 19:00 बजे वडोदरा से प्रस्थान कर अगले दिन 20:45 बजे मऊ पहुँचेगी। यह ट्रेन 21 फरवरी 2026 से 28 मार्च 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09196 मऊ – वडोदरा स्पेशल हर रविवार को 23:15 बजे मऊ से प्रस्थान कर मंगलवार को 00:45 बजे वडोदरा पहुँचेगी।

# बुलेट रेल के कामकाज की आँखों देखी

## बुलेट रेल के काम से रू-ब-रू हुए युवा इंजीनियर

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

अनुभवात्मक शिक्षा और उद्योग–शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) ने युवा इंजीनियरों के लिए मुंबई–अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण स्थलों पर शैक्षिक एवं तकनीकी दौरों की श्रृंखला आयोजित की। इन विजिट्स का उद्देश्य इंजीनियरों को भारत की पहली हाई स्पीड रेल परियोजना में अपनाई जा रही उन्नत निर्माण तकनीकों, इंजीनियरिंग सटीकता और तकनीकी नवाचारों की प्रत्यक्ष जानकारी देना था। प्रतिभागियों ने वायाडक्ट निर्माण, स्टेशन विकास, पुल कार्य और ट्रैक स्थापना जैसे प्रमुख कार्यों का अवलोकन किया।

### योजना, सुरक्षा और गुणवत्ता की गहन समझ



निर्देशित साइट टूर और परियोजना इंजीनियरों व साइट प्रबंधन टीमों के साथ संवादात्मक सत्र इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे। इससे प्रतिभागियों को परियोजना की योजना, निष्पादन प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता आश्वासन तंत्र की गहरी समझ प्राप्त हुई। ये दौरे मुंबई, वडोदरा और अहमदाबाद स्थित विभिन्न संस्थानों के लिए आयोजित किए गए। NHSRCL भविष्य में भी इंजीनियरों और तकनीकी संस्थानों को ऐसे शैक्षिक दौरों में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता रहेगा। पात्रता, बैच आकार और अन्य विवरण संस्था की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# अब काका-काकी को टिकट की झंझट नहीं

## मेयर और डिप्टी मेयर ने सीनियर सिटिजन को डिजिटल पास बांटे

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे महानगरपालिका के परिवहन विभाग ने 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल बस पास वितरण की पहल शुरू की है। यह वितरण समारोह मेयर हॉल में आयोजित किया गया, जहां शर्मिला पिंपलोलकर और डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल ने प्रतीकात्मक रूप से 11 वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल पास प्रदान किए। इस अवसर पर मेयर ने अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। समारोह में डिप्टी कमिश्नर मनीष जोशी, टीएमटी डिप्टी मैनेजर सुनील जाधव, सुपरिटेंडेंट रमेश बंडल, डिपो मैनेजर सुनील साठे, असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट हेमंत कुमार शिंदे और टीएमटी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गणेश देशमुख सहित अनेक अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### फ्री ट्रैवल स्कीम को मिला सकारात्मक प्रतिसाद



यह पहल राज्य के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे द्वारा शुरू की गई टीएमटी की मुफ्त यात्रा योजना के तहत आगे बढ़ाई गई है। पहले वरिष्ठ नागरिकों को आयु प्रमाण और सरकारी पहचान पत्र दिखाने पर शून्य टिकट दिया जाता था, अब उसी प्रक्रिया को डिजिटल स्वरूप दिया गया है। इस योजना को वरिष्ठ नागरिकों से उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है और प्रारंभिक चरण में 1,000 डिजिटल पास वितरित किए जाएंगे। जब तक सभी को डिजिटल पास प्राप्त नहीं हो जाते, तब तक पुरानी व्यवस्था के तहत शून्य टिकट जारी किए जाते रहेंगे। वरिष्ठ नागरिकों ने इस पहल पर खुशी जताते हुए कहा कि डिजिटल प्रणाली से यात्रा अधिक आसान, पारदर्शी और सम्मानजनक बनेगी।

# मनपा स्कूलों में पढ़ाया गया शहादत का पाठ

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

'हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में 28 फरवरी और 1 मार्च को खारघर में शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ठाणे मनपा के स्कूलों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों की एक विशाल प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें सैकड़ों विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर गुरु तेग बहादुर की शहादत को नमन किया। देशभक्ति के नारे, प्लेकार्ड्स और सामाजिक एकता के संदेशों के माध्यम से भाईचारे और सद्भाव का वातावरण बनाया गया।

### प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों का उत्साह





भाषण प्रतियोगिता में हजारों विद्यार्थियों ने भाग लेकर 'हिंद की चादर' शीर्षक के ऐतिहासिक महत्व, धार्मिक स्वतंत्रता के लिए दिए गए बलिदान और राष्ट्रीय एकता के संदेश पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। गीत गायन प्रतियोगिता में भी बड़ी संख्या में छात्रों ने देशभक्ति और कीर्तन आधारित गीतों के माध्यम से वीरता, बलिदान और मानवता का संदेश दिया। विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता रैलियां निकालकर सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश फैलाया गया।

# सात-समुंदर पार जाएगा एमएसएमई का माल

## मुंबई में नेशनल अकाउंट फैसिलिटी का शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

इंडिया पोस्ट और शिपरॉकेट ने मुंबई में नेशनल अकाउंट फैसिलिटी के जरिए एमएसएमई एक्सपोर्ट को मजबूत करने की पहल शुरू की। महाराष्ट्र और गोवा के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह ने शिपराकेट के इंटरनेशनल ऑपरेशन लॉन्च के अवसर पर बताया कि इंडिया पोस्ट भारत से क्रॉस-बॉर्डर ई-कॉमर्स को आसान बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस पहल के तहत मुंबई से शिपराकेट पोर्टल का उपयोग करने वाले निर्यातक अब डाक विभाग की एक्सपोर्ट सेवाओं का लाभ उठाकर विभिन्न देशों तक अपनी पहुंच बना सकेंगे।

### डिजिटल इंटीग्रेशन से बढ़ेगी एक्सपोर्ट क्षमता




यह पहल मौजूदा साझेदारी को और सशक्त करती है, जिसका उद्देश्य पोस्टल इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल शिपिंग इंटीग्रेशन और सरल ऑपरेशनल सपोर्ट के माध्यम से निर्यात को गति देना है। मुंबई रीजनल फैसिलिटी एक्सपोर्टर्स के लिए अकाउंट मैनेजमेंट, ऑपरेशनल कोऑर्डिनेशन और सर्विस एक्सेसिबिलिटी को बेहतर बनाएगी। शिपराकेट की टेक्नोलॉजी–आधारित कॉमर्स क्षमताओं को इंडिया पोस्ट के तकनीकी समाधान के साथ जोड़कर निर्यात प्रक्रिया को अधिक सुगम और तेज बनाया जाएगा, खासकर पश्चिमी और दक्षिणी भारत के निर्यातकों के लिए।

### एमएसएमई के लिए ग्लोबल अवसरों का विस्तार

भारत के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र में स्थापित इस सुविधा से एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच आसान होगी। बेहतर लॉजिस्टिक्स इंटीग्रेशन और तेज प्रोसेसिंग से छोटे व्यवसायों को वैश्विक व्यापार में प्रवेश की बाधाएं कम करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में मुंबई रीजन की पोस्टमास्टर जनरल कैया अरोड़ा, डायरेक्टर पोस्टल सर्विसेज़ मनोज कुमार और सिमरन कौर सहित शिपराकेट के अंतरराष्ट्रीय शिपिंग सीईओ अक्षय गुलाटी, वरुण परिहार और खुशंत भी उपस्थित रहे। यह साझेदारी भारत के ई–कॉमर्स एक्सपोर्ट इकोसिस्टम को मजबूत करने और MSME की वैश्विक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# हादसे की मुनादी, बचाव की परख

## मनमाड स्टेशन पर व्यापक मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

डीबीडी संवाददाता | भुसावल

भुसावल मंडल द्वारा 18 फरवरी 2026 को मनमाड रेलवे स्टेशन पर संरक्षा विभाग के नेतृत्व में एक व्यापक दुर्घटना मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस संयुक्त अभ्यास में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) पुणे के 30 जवान, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) धुले के 20 जवान, रेलवे के विभिन्न विभागों के कर्मचारी, जिला प्रशासन, होमगार्ड, सिविल अस्पताल, सिविल डिफेंस, आपदा मित्र, निजी एजेंसियां तथा पुलिस विभाग ने सक्रिय सहभागिता की। अभ्यास के दौरान आपातकालीन रेल दुर्घटना की काल्पनिक परिस्थिति का यथार्थपरक मंचन कर बचाव एवं राहत कार्यों का समन्वित प्रदर्शन किया गया।

### त्वरित राहत एवं चिकित्सा प्रबंधन

मॉक ड्रिल के अंतर्गत दुर्घटनाग्रस्त कोच से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने, गोल्डन आवर के भीतर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा उन्हें शीघ्र चिकित्सा सुविधा तक पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। राहत दलों ने यात्रियों का मनोबल बढ़ाने, उनके सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने और परिजनों से संपर्क स्थापित कराने की कार्रवाई भी की। वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग स्टाफ ने दुर्घटनास्थल पर घायलों को चिकित्सा बूथ तक पहुंचाने एवं राहत कार्यों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यात्रियों और उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी देने हेतु "यात्री सहायता" बूथ भी स्थापित किए गए।

### आपदा प्रबंधन क्षमता का सुदृढ़ परीक्षण



मंडल रेल प्रबंधक पुनीत अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनीकी) मुकेश कुमार मीना की उपस्थिति में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में यह अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें आरपीएफ, रेलवे की चिकित्सा टीम तथा दुर्घटना राहत ट्रेन से जुड़े सभी विभागों ने समन्वित सहयोग प्रदान किया। इस सफल आयोजन ने सिद्ध किया कि भुसावल मंडल किसी भी संभावित रेल आपदा की स्थिति में त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के लिए पूर्णत: सक्षम और तैयार है।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** नौकरी में प्रमोशन व प्रशंसा मिल सकते हैं। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। लॉटरी व सट्टे के चक्कर में न पड़ें। बेरोजगारी दूर होने के योग हैं। प्रयास करें। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिलेगा। अज्ञात भय रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृष** लेन-देन में सावधानी रखें। धनहानि के योग हैं। आय बनी रहेगी। व्यवसाय में ध्यान दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से हानि होगी। पुरानी व्याधि उठ सकती है। सावधानी आवश्यक है। क्रोध न करें। किसी भी निर्णय के लेने में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** उत्साह बना रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। कोई भी निर्णय सोच-समझकर करें। जल्दबाजी न करें।

**कर्क** दौड़धूप अधिक होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। आय में कमी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। कार्य की गति रुकेगी। शोक समाचार मिल सकता है।

**सिंह** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पठन-पाठन व लेखन में मन लगेगा। वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कन्या** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। काफी समय से अटके काम पूरे होंगे। आय में वृद्धि होगी। वरिष्ठ वक्तियों का मार्गदर्शन मिल सकता है।

**तुला** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आय बनी रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। विवाद के मौके टालें। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**वृश्चिक** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। शत्रु मौका ढूंढेंगे, सावधान रहें। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।


**धनु** प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी बड़े काम के होने से प्रसन्नता रहेगी। मातहत साथ देंगे। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। काफी समय से अटके कामों में गति आएगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। भाग्य का साथ रहेगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन संभव है।

**मकर** सामंजस्य बैठाएं। आय में निश्चितता रहेगी। किसी बाहरी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। जल्दबाजी व लापरवाही से बड़ी हानि हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। बनते काम में विघ्न उत्पन्न होगा। तनाव रहेगा।

**कुंभ** व्यापार में लाभ बढ़ेगा। नौकरी मनोनुकूल रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। अध्यात्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। प्रतिद्वंद्वी घुटने टेकेंगे। जल्दबाजी में लेनदेन नहीं करें। कानूनी अड़चन दूर होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मीन** नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। उत्साह तथा प्रसन्नता में वृद्धि होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। आय में वृद्धि होगी।

# रुद्राभिषेक: वैदिक ध्वनि, ऊर्जा और शिव चेतना का दिव्य विज्ञान




प्रियंका जैन
9769994439

सनातन परंपरा में रुद्राभिषेक केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि चेतना, ऊर्जा और ब्रह्मांडीय लय के साथ मानव के सामंजस्य का एक अत्यंत सूक्ष्म और वैज्ञानिक माध्यम माना गया है। जब हम उस अनंत, अनादि और निराकार सत्ता का स्मरण करते हैं, जो ॐ के स्वरूप में सम्पूर्ण सृष्टि में व्याप्त है, तब हम उसी परम चेतना को प्रणाम करते हैं, जिसे ऋषियों ने रुद्र, शिव और महादेव के नाम से पुकारा। शिव केवल एक देवता नहीं, बल्कि अस्तित्व की वह मूल चेतना हैं, जिनसे सृष्टि का प्रादुर्भाव हुआ और जिनमें अंततः सब कुछ विलीन हो जाता है। रुद्राभिषेक उसी चेतना के साथ जुड़ने की प्रक्रिया है, जहां ध्वनि, मंत्र, जल, और श्रद्धा मिलकर एक आध्यात्मिक ऊर्जा का निर्माण करते हैं।

वेदों और पुराणों में अभिषेक का अत्यंत महत्व बताया गया है। विशेष रूप से शिवलिंग पर किया गया अभिषेक अश्वमेध यज्ञ जैसे महान यज्ञों से भी श्रेष्ठ माना गया है। इसका कारण यह है कि शिवलिंग ब्रह्मांड की अनंत ऊर्जा का प्रतीक है। जब भक्त श्रद्धा और मंत्रों के साथ शिवलिंग पर जल या अन्य पवित्र द्रव्यों से अभिषेक करता है, तब वह केवल एक मूर्ति पर जल नहीं चढ़ाता, बल्कि वह अपने भीतर की चेतना को शुद्ध और जागृत करता है। शास्त्रों में यह स्पष्ट कहा गया है कि अभिषेक के समय स्वयं महादेव उस अर्पण को ग्रहण करते हैं और भक्त की भावना के अनुसार उसे फल प्रदान करते हैं।

रुद्राभिषेक का मूल आधार यजुर्वेद में वर्णित रुद्राध्याय है, जिसे शतरुद्रीय भी कहा जाता है। यह मंत्र समूह अत्यंत शक्तिशाली ध्वनियों का समुच्चय है, जो ब्रह्मांडीय कंपन के साथ सामंजस्य स्थापित करता है। जब इन मंत्रों का उच्चारण किया जाता है, तब यह केवल शब्द नहीं होते, बल्कि यह ध्वनि ऊर्जा के रूप में कार्य करते हैं, जो साधक के मन, शरीर और चेतना को प्रभावित करते हैं। यही कारण है कि रुद्राभिषेक को केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक विज्ञान माना गया है।

रुद्राभिषेक के पांच प्रमुख भेद बताए गए हैं, जो साधना की गहराई और व्यापकता के अनुसार विभाजित हैं। पहला है षडंग या रूपक पाठ, जिसमें रुद्र के छह अंगों का विधिपूर्वक पाठ किया जाता है। इसमें शिवकल्प सूक्त, पुरुष सूक्त, अप्रतिरथ सूक्त, मैत्र सूक्त और शतरुद्रीय जैसे वैदिक मंत्रों का समावेश होता है। यह पाठ साधक की चेतना को क्रमशः शुद्ध और संगठित करता है। यह प्रक्रिया साधक को बाहरी संसार से हटाकर आंतरिक चेतना की ओर ले जाती है।

दूसरा प्रकार है रुद्री या एकादशिनी, जिसमें रुद्राध्याय की ग्यारह आवृत्तियां की जाती हैं। ग्यारह संख्या का विशेष महत्व है, क्योंकि शास्त्रों में ग्यारह रुद्रों का वर्णन मिलता है। यह अनुष्ठान साधक के भीतर की ऊर्जा को संतुलित करता है और मानसिक एवं आध्यात्मिक शुद्धि प्रदान करता है। यह प्रक्रिया साधक के भीतर छिपी हुई ऊर्जा को जागृत करने का माध्यम बनती है।

तीसरा प्रकार है लघुरुद्र, जिसमें एकादशिनी रुद्री की ग्यारह आवृत्तियां की जाती हैं। यह अनुष्ठान अत्यंत प्रभावशाली माना गया है और इसे विशेष उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है। इसे एक दिन में ग्यारह ब्राह्मणों द्वारा या ग्यारह दिनों में एक ब्राह्मण द्वारा भी संपन्न किया जा सकता है। यह अनुष्ठान साधक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होता है।

न्यूज़ ब्रीफ

## ऊंचाई पर बर्फबारी और बरसात की संभावना



**देहरादून।** उत्तराखंड में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की मौसम गतिविधि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में 3300 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर बहुत हल्की वर्षा या बर्फबारी हो सकती है। बागेश्वर, पिथौरागढ़, देहरादून, टिहरी और पौड़ी के कुछ इलाकों में भी छिटपुट हल्की बारिश अथवा हिमपात के आसार हैं, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम सामान्यतः शुष्क रहने का अनुमान है। देहरादून में आंशिक से सामान्य बादल छाए रहने और कहीं-कहीं गरज वाले बादल बनने की संभावना है। अधिकतम तापमान लगभग 27 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार फिलहाल किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है।

## फरार डिप्टी सीटीआई पर दस हजार का इनाम

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन में युवती से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में फरार डिप्टी सीटीआई राहुल कुमार पर जीआरपी ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। गोरखपुर जीआरपी के एसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा के अनुसार, 16 फरवरी को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि 15 फरवरी को मऊ से गोरखपुर की यात्रा के दौरान बिना टिकट पकड़े जाने पर आरोपी ने टिकट और सीट दिलाने के बहाने उसे एसी फर्स्ट क्लास के केबिन में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर वह देवरिया में ट्रेन से उतरकर फरार हो गया। मामला क्षेत्राधिकार के आधार पर देवरिया जीआरपी को स्थानांतरित कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2) के तहत दर्ज किया गया है।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार के पेड़ से टकराकर पलट जाने से पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। डीह थाना क्षेत्र में गोपालपुर बिजली पावर हाउस के पास हुई इस दुर्घटना में बुलंदशहर निवासी मुकेश (40), उनके पुत्र कुणाल (20) और अलीगढ़ निवासी रामू (20) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घायलों चंदर मिश्रा और अभिषेक सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जंगलों में फैला घातक अफ्रीकन स्वाइन फीवर

- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की लैब में हुई पुष्टि
- घातक वायरस मिलन के बाद से वन एवं पशुपालन विभाग अलर्ट

एजेंसी । रायपुर

छत्तीसगढ़ में जंगली सूअरों की संदिग्ध मौतों की जांच में अफ्रीकन स्वाइन फीवर (एएसएफ) की पुष्टि हुई है। बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की लैब रिपोर्ट में घातक वायरस की मौजूदगी प्रमाणित होने के बाद वन एवं पशुपालन विभाग अलर्ट मोड में आ गए हैं।

### भारी संख्या में सुअरों की मौत

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण पाण्डेय के अनुसार बलौदा बाजार, महासमुंद सहित कुछ जिलों में हाल के दिनों में बड़ी संख्या में जंगली सूअरों की मौत हुई थी। नमूनों की जांच के लिए भेजी गई रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद संबंधित जिलों के डीएफओ को निगरानी बढ़ाने और सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं



### कैसे फैलता है अफ्रीकन स्वाइन फीवर (ASF) ?

- संक्रमित घरेलू या जंगली सूअरों के सीधे संपर्क से
- दूषित मांस, मांस उत्पाद या खाद्य अपशिष्ट (स्विल फीडिंग) से
- संक्रमित पशुओं के खून, मल या शारीरिक द्रवों के संपर्क से
- दूषित वाहन, कपड़े, उपकरण और फार्म सामग्री से
- कुछ क्षेत्रों में सॉफ्ट टिक्स (Ornithodoros प्रजाति) के माध्यम से
- संक्रमित क्षेत्रों से अवैध पशु/मांस परिवहन द्वारा

### मृत्यु दर 100 प्रतिशत तक

अफ्रीकन स्वाइन फीवर सूअरों और जंगली सूअरों में फैलने वाला अत्यंत संक्रामक वायरल रोग है, जिसकी मृत्यु दर 100 प्रतिशत तक हो सकती है। यह वायरस एस्फरविरिडे परिवार से संबंधित है और संक्रमित पशुओं के सीधे संपर्क, दूषित मांस या अपशिष्ट तथा टिक्स के माध्यम से फैलता है।

### कोई टीका और उपचार नहीं

मनुष्यों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ता, किंतु इसके लिए कोई प्रभावी टीका या उपचार उपलब्ध नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार संक्रमण रोकने के लिए जैविक सुरक्षा उपाय, संक्रमित पशुओं का पृथक्करण और नष्टिकरण तथा सघन निगरानी ही प्रमुख बचाव उपाय हैं। राज्य में पशुधन सुरक्षा को लेकर विभागीय स्तर पर नियंत्रणात्मक कदम तेज कर दिए गए हैं। अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि केन्या सहित कई अफ्रीकी देश (उद्गम क्षेत्र), पुर्तगाल, स्पेन और अन्य यूरोपीय देश, रूस, चीन (2018 से बड़े पैमाने पर प्रकोप), वियतनाम, म्यांमार, भारत, फिलीपींस, दक्षिण, कोरिया, पोलैंड, जर्मनी सहित पूर्वी एवं मध्य यूरोप के कई देशों में हो चुकी है।

# 2027: अकेले दहाड़ लगाएगी बसपा

- विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बहुजन समाज पार्टी
- पार्टी अध्यक्ष मायावती ने अटकलों पर लगाया विराम

एजेंसी । लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी स्वतंत्र रूप से मैदान में उतरेगी और किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। एक प्रेस वार्ता में उन्होंने गठबंधन संबंधी अटकलों को निराधार बताते हुए कहा कि इस प्रकार की खबरें संगठन को भ्रमित करने के उद्देश्य से फैलाई जा रही हैं। उनके अनुसार पार्टी मंचों पर कई बार यह निर्णय सार्वजनिक रूप से घोषित किया जा चुका है, जिसमें गत 9 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित रैली भी शामिल है।

### गठबंधन की नीति फायदेमंद नहीं

मायावती ने कहा कि पूर्व के चुनावी अनुभवों के आधार पर गठबंधन की रणनीति बसपा के लिए लाभकारी नहीं रही है। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अफवाहों से प्रभावित न हों और संगठन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित रखें।

### चुनाव आते ही सक्रिय होंगे विरोधी

दिल्ली में आवंटित टाइप-8 सरकारी आवास को लेकर उठे प्रश्नों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आवास उन्हें सुरक्षा और प्रोटोकॉल के तहत प्रदान किया गया है। बसपा प्रमुख ने यह भी कहा कि चुनाव निकट आते ही विरोधियों की सक्रियता बढ़ेगी, ऐसे में समर्थकों को संगठित और सतर्क रहकर पार्टी के मिशन को आगे बढ़ाना चाहिए।

## फोन नहीं उठाने वाले अफसरों की खैर नहीः महाना

- असहयोगपूर्ण व्यवहार करने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

एजेंसी । लखनऊ



उत्तर प्रदेश विधानसभा में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए अध्यक्ष सतीश महाना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विधायकों के फोन न उठाने या उनके साथ असहयोगपूर्ण व्यवहार करने वाले अधिकारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। सदन में उन्होंने कहा कि जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों की अनदेखी लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है। शासन स्तर से पूर्व में जारी आदेशों का अनुपालन न करना सेवा नियमों का उल्लंघन है, इसलिए संसदीय कार्य मंत्री को आवश्यक निर्देश जारी कर अनुपालन सुनिश्चित कराना चाहिए।

### जनता के हितों को दें प्राथमिकता

अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता और विपक्ष, दोनों पक्षों का दायित्व है कि वे संवैधानिक मर्यादाओं के तहत जनता के हितों को प्राथमिकता दें। भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति रोकने के लिए उदाहरणात्मक कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि 17 फरवरी को नेता प्रतिपक्ष द्वारा नियम-300 के अंतर्गत कार्यपालिका के कथित हस्तक्षेप संबंधी सूचना दी गई थी, जिसे संवैधानिक संदर्भों के आधार पर स्वीकार किया गया। इस विषय पर सदन में विभिन्न सदस्यों ने भी अपनी बात रखी।

## नौकरी के नाम पर ठग रहा था फर्जी दरोगा, गिरफ्तार

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर में अनवरगंज थाना क्षेत्र से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक फर्जी दारोगा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कानपुर के पुलिस उपायुक्त (मध्य) अतुल श्रीवास्तव के अनुसार, आरोपी की पहचान उन्नाव निवासी संजय कुमार सिंह के रूप में हुई है।

### होटल में इंटरव्यू, स्कूल में परीक्षा

जांच में सामने आया कि आरोपी लखनऊ में निजी स्कूल और होटल किराये पर लेकर फर्जी इंटरव्यू व परीक्षा आयोजित करता था। चयन का आश्वासन देकर अभ्यर्थियों से धन वसूलता और बाद में परिणाम में देरी का बहाना बनाकर उन्हें धमकाता था। पुलिस के अनुसार, वह अपने दो साथियों दुर्गेश सविता और विजय चौहान के साथ मिलकर गिरोह संचालित कर रहा था।

## मालगाड़ी से टकराई ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली

- इंजन का बायां हिस्सा क्षतिग्रस्त, पोल संख्या 887/22 और 887/24 के बीच हुआ हादसा

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में लखनऊ-वाराणसी रेलखंड पर बुधवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा टल गया, जब ईंट लदा ट्रैक्टर मालगाड़ी के इंजन से टकरा गया। दुर्घटना में ट्रैक्टर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि इंजन का अगला बायां हिस्सा प्रभावित हुआ। घटना सुबह लगभग 10:43 बजे थाना चांदा क्षेत्र के शेरपुर परशुरामपुर गांव के पास पोल संख्या 887/22 और 887/24 के बीच हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर ट्रॉली कोइरीपुर से ईंट लेकर गांव की ओर जा रहा था, तभी वह रेल ट्रैक पर आ गया और गुजर रही मालगाड़ी से भिड़ गया।



### एक घंटे बाधित रहा रेलवे ट्रैक

रेलवे सूत्रों के मुताबिक चालक ने दूर से अवरोध देखकर गति कम कर दी, जिससे संभावित बड़ा नुकसान टल गया। टक्कर के बाद रेल यातायात करीब एक घंटे से अधिक समय तक बाधित रहा।

# व्यापार जगत

## गैर जीवाश्म विद्युत उत्पादन 272 गीगावाट के पार

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने घोषणा की कि देश की स्थापित गैर-जीवाश्म विद्युत उत्पादन क्षमता 272 गीगावाट के आंकड़े को पार कर चुकी है। इसमें 141 गीगावाट सौर ऊर्जा और 55 गीगावाट पवन ऊर्जा का योगदान है। भारत-यूके अपतटीय पवन कार्यबल से तकनीकी सहयोग, निवेश प्रवाह और नीति समन्वय को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे अपतटीय पवन परियोजनाओं के विकास में तेजी आएगी और स्वच्छ ऊर्जा मिश्रण में पवन ऊर्जा की हिस्सेदारी मजबूत होगी।

141 गीगावाट का उत्पादन सौर ऊर्जा से, पवन ऊर्जा भी 55 गीगावाट की हिस्सेदार

### 2030 तक 500 गीगावाट का लक्ष्य

उन्होंने रेखांकित किया कि भारत ने कुल स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म स्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले प्राप्त कर लिया। यह उपलब्धि स्पष्ट नीतिगत दिशा, संस्थागत समन्वय और निवेशकों के भरोसे का परिणाम है। वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में यह प्रगति निर्णायक मानी जा रही है।



### 30 लाख घरों पर रूफटाप सोलर

घरेलू स्तर पर सौर ऊर्जा के प्रसार का उल्लेख करते हुए मंत्री ने बताया कि 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत दो वर्ष से कम समय में लगभग 30 लाख परिवारों को रूफटॉप सोलर से जोड़ा गया है। वहीं 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान' के तहत 21 लाख कृषि पंपों का सौरकरण किया जा चुका है।

### सौर और पवन ऊर्जा में इजाफा

मंत्री ने कहा कि अपतटीय पवन ऊर्जा भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और निम्न-कार्बन विकास रणनीति का केंद्रीय स्तंभ बन सकती है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 35 गीगावाट से अधिक सौर और 4.61 गीगावाट पवन क्षमता जोड़ी जा चुकी है, जो नवीकरणीय क्षेत्र में निरंतर विस्तार को दर्शाता है।

### अपतटीय पवन ऊर्जा का आगाज

यह जानकारी भारत-यूके अपतटीय पवन ऊर्जा कार्यबल के शुभारंभ अवसर पर साझा की गई। यह पहल भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच 'विजन 2035' ढांचे के तहत स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को गति देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। कार्यक्रम में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरून भी उपस्थित रहीं।

## एआई से बदल रही दुनिया

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के कारण पूरी दुनिया में काफी तेजी से बदलाव हो रहा है। इस तेजी से होते बदलाव के कारण अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार पर भी बड़ा असर देखने को मिल सकता है। कई क्षेत्रों में उत्पादन की प्रक्रिया, सेवाओं का तरीका और कारोबार का ढांचा बदल रहा है। पहिये से लेकर इंटरनेट तक इंसान ने कई बदलाव देखे हैं, लेकिन एआई को सबसे ताकतवर तकनीकों में गिना जा रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर संभावित असर अनुमान लगाया गया है कि आने वाले वर्षों में एआई वैश्विक आर्थिक विकास को तेज कर सकता है। कंपनियां अपने काम में एआई का इस्तेमाल बढ़ा रही हैं ताकि लागत घटे और काम तेजी से हो। इससे उत्पादकता बढ़ने की उम्मीद है।

## निसानः बाजार में उतारी सात सीटर एसयूवी 'ग्रैवाइट'

एजेंसी । नई दिल्ली

निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने भारतीय बाजार में अपनी नई सात-सीटर एसयूवी 'ग्रैवाइट' पेश की है। वाहन की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 5.65 लाख रुपये रखी गई है, जो टॉप वेरिएंट के लिए 8.49 लाख रुपये तक जाती है।

### भारतीय परिवारों की जरूरत का रखा ध्यान

कंपनी के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा कि नया मॉडल भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कंपनी देश में केवल 'मैग्नाइट' मॉडल बेच रही है, जबकि 'ग्रैवाइट' दूसरा उत्पाद है।




### सालभर में तीन नए वाहन उतारने की तैयारी

निसान ने आगामी 12 महीनों में तीन नए वाहनों को बाजार में उतारने की योजना बनाई है। इनमें 'टेकटन स्पोर्ट' एसयूवी और मध्यम श्रेणी की एक अन्य सात-सीटर एसयूवी शामिल है। कंपनी वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक अपने डीलर नेटवर्क को 160 से बढ़ाकर 250 केंद्रों तक ले जाने का लक्ष्य रखती है।

### एक लाख यूनिट निर्यात करने की योजना

निर्यात पर जोर देते हुए वत्स ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 तक भारत से एक लाख इकाइयों के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने की योजना है। नई लॉन्च को कंपनी के पुनरुत्थान अभियान का प्रमुख कदम माना जा रहा है।

## मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी । नई दिल्ली

घरेलू इक्विटी बाजार ने बुधवार को मजबूती का सिलसिला बरकरार रखते हुए लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच प्रमुख सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संसेक्स 283.29 अंक (0.34%) चढ़कर 83,734.25 पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 93.95 अंक (0.37%) की बढ़त के साथ 25,819.35 पर ठहरा।

### मार्केट कैप में उछाल

कारोबार समाप्ति पर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 471.89 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले सत्र के 470 .11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 1.78 लाख करोड़ रुपये अधिक है। इस बढ़ोतरी से निवेशकों की कुल संपत्ति में करीब 1.80 लाख करोड़ रुपये का इजाफा दर्ज किया गया।



### टाटा स्टील में तेजी

सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयर हरे निशान में बंद हुए, जबकि निफ्टी के 50 में से 31 शेयरों में बढ़त रही। टाटा स्टील के शेयरों में 2.90% की सबसे तेज तेजी दर्ज की गई। आईटीसी लिमिटेड, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 1.18% से 2.21% तक मजबूत हुए।

## AI टूल्स के जरिए निपटाई जा रहीं शिकायतें

- विद्युत मंत्री ने एआई इंपैक्ट समिट में मंत्रालय की प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'एआई इंपैक्ट समिट' के दौरान विद्युत मंत्रालय के प्रदर्शनी मंडप का उद्घाटन किया। यह मंडप देश के बिजली तंत्र में डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित समाधानों के बढ़ते उपयोग को रेखांकित करता है। 'मेगावाट से मेगाबाइट तकः भारत के विद्युत इको-सिस्टम का रूपांतरण' थीम पर आधारित इस प्रस्तुति में दिखाया गया कि किस प्रकार एआई तकनीक उत्पादन, पारेषण और वितरण संरचनाओं को अधिक सक्षम, विश्वसनीय और दक्ष बना रही है। मंत्रालय के अनुसार, अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म और डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से ग्रिड प्रबंधन, मांग पूर्वानुमान



और रखरखाव प्रक्रियाओं में संरचनात्मक सुधार लाए जा रहे हैं, जिससे आपूर्ति की स्थिरता और परिचालन दक्षता को बल मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने मेट्रो संचालन में एआई आधारित नवाचारों की जानकारी दी।

## कार्ल्सबर्ग आईपीओ से चमकेगा असगार्ड एल्कोबेव

**मुंबई।** डेनमार्क की प्रमुख ब्रूइंग कंपनी कार्ल्सबर्ग 2026 में अपनी भारतीय इकाई का बहुप्रतीक्षित आईपीओ लाने की तैयारी में है। बाजार सूत्रों के अनुसार कंपनी 30,000 से 35,000 करोड़ के वैल्यूएशन पर लिस्टिंग पर विचार कर रही है। विश्लेषकों का मानना है कि इस पेशकश के साथ ही कुछ चुनिंदा स्मॉल-कैप कंपनियां अप्रत्यक्ष रूप से लाभ में रह सकती हैं, जिनमें असगार्ड एल्कोबेव लिमिटेड का नाम प्रमुखता से उभर रहा है। पूर्व में बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज़ के नाम से जानी जाने वाली असगार्ड एल्कोबेव ने हाल में बड़ा कारोबारी बदलाव करते हुए मेघालय स्थित सीएमजे ब्रुअरीज में लगभग 79 प्रतिशत हिस्सेदारी अधिग्रहित की है। इस अधिग्रहण के साथ कंपनी ने पेपर ट्रेडिंग से कॉन्ट्रैक्ट ब्रूइंग में कदम रखा है। सीएमजे ब्रूअरीज़ नॉर्थईस्ट भारत में कार्ल्सबर्ग इंडिया तथा यूनाइटेड ब्रुअरीज जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के लिए फ्रेंचाइजी और कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर के रूप में कार्य करती है। ग्रोथ कैपिटल से वॉल्यूम बढ़ने की उम्मीद विशेषज्ञों के मुताबिक, आईपीओ से जुटाई गई पूंजी का उपयोग डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और उत्पादन क्षमता बढ़ाने में किया जाएगा।

# बंगाल की सिट्टी-पिट्टी गुम, जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास

- 67 साल में पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में बनाई जगह
- कुल नौ विकेट चटकाकर तेज गेंदबाज नबी बने जीत के हीरो

**ऐतिहासिक**

एजेंसी । कल्याणी

कल्याणी में बुधवार का दिन जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक बन गया। जम्मू और कश्मीर क्रिकेट टीम ने दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल क्रिकेट टीम को छह विकेट से हराकर 67 वर्षों में पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली। अब टीम अपने पहले खिताब से महज एक कदम दूर है। चौथे दिन जम्मू-कश्मीर को जीत के लिए 126 रन का लक्ष्य मिला था। टीम ने 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वंशज शर्मा 43 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अब्दुल समद ने 30 रन की नाबाद पारी खेली। दोनों ने अंत तक टिककर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

### स्टार खिलाड़ियों पर भारी युवा टीम

बंगाल की टीम में मोहम्मद शमी, आकाश दीप, मुकेश कुमार और शाहबाज अहमद जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे। इसके अलावा अभिमन्यु ईश्वरन भी टीम का हिस्सा थे। इसके बावजूद जम्मू-कश्मीर की युवा टीम ने सामूहिक प्रदर्शन से स्टार खिलाड़ियों पर भारी पड़ते हुए जीत हासिल की।



"पिछली बार हम क्वार्टर फाइनल में हार गए थे, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की और हम इसके हकदार थे।

-आकिब नबी
प्लेयर आफ द मैच

### नबी की घातक गेंदबाजी

इससे पहले बंगाल ने पहली पारी में 328 रन बनाए थे, जिसके जवाब में जम्मू-कश्मीर ने 302 रन बनाए। मामूली बढ़त के बावजूद बंगाल दूसरी पारी में सिर्फ 99 रन पर सिमट गया। तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में कुल नौ विकेट झटककर विरोधी टीम की कमर तोड़ दी।

### सुबह के झटके, फिर संभली पारी

जम्मू-कश्मीर ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 43 रन से की, लेकिन जल्द ही शुभम पुंडीर (27) और कप्तान पारस डोगरा (9) के विकेट गिर गए। शुरुआती झटकों से टीम दबाव में थी, मगर इसके बाद वंशज और समद ने जिम्मेदारी संभाली और पारी को स्थिर किया।

### वंशज-समद की अटूट साझेदारी

पांचवें विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों ने 55 रन की अटूट साझेदारी निभाई। बंगाल के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं मिला। समद ने समझदारी दिखाते हुए युवा वंशज को विजयी रन बनाने का अवसर दिया। 22 वर्षीय वंशज शर्मा ने मुकेश कुमार की गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से शानदार छक्का जड़कर जीत की मुहर लगाई। मैदान पर खिलाड़ियों और समर्थकों के बीच जश्न का माहौल छा गया। यह छक्का जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के इतिहास का यादगार पल बन गया।

### हार से सीखकर बनी विजेता टीम

टूर्नामेंट की शुरुआत में मुंबई क्रिकेट टीम से मिली हार के बाद जम्मू-कश्मीर ने जबरदस्त वापसी की। राजस्थान के खिलाफ पारी से जीत, दिल्ली और हैदराबाद पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज कर टीम नॉकआउट में पहुंची। क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश को 56 रन से हराया, जिसमें नबी ने 12 विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित की। अब टीम खिताब की दहलीज पर खड़ी है।

### 1959 में खेला पहला मैच

जम्मू-कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था। तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था। 44 साल लगे थे पहली जीत को टीम को अपनी पहली रणजी जीत दर्ज करने मे लिए 44 साल लग गए थे, जो उसने 1982-83 में सेना के खिलाफ हासिल की थी। 45 मैच जीते थे इस सत्र से पहले टीम ने इस सत्र से पहले 334 रणजी मैच खेले थे। इसमें से उसने सिर्फ 45 जीते थे।

## शीर्ष-10 में पहुंचे ईशान किशन

**अभिषेक शर्मा पहले नंबर पर बरकरार**

एजेंसी । दुबई

टी-20 विश्व कप 2026 में धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज ईशान किशन को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) रैंकिंग में 17 स्थान का फायदा हुआ है। वह अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-8 पर पहुच गए हैं। वहीं, अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले पथुम निसांका 3 स्थानों की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। तिलक वर्मा को भी 1 स्थान का फायदा हुआ है।



### इन बल्लेबाजों को भी हुआ फायदा

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेल्टन को 22 स्थान का फायदा हुआ है और वह अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं, एडेन मार्करम 6 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंचे हैं। खराब फॉर्म में चल रहे जोस बटलर को 3 पायदान का घाटा हुआ है और वह 7वें स्थान पर पहुंच गए हैं। साहिबजादा फरहान 2 स्थान नीचे गए हैं और वह अब 5वें स्थान पर हैं।

### नंबर-1 ऑलराउंडर बने सैम अयूब

ऑलराउंडर खिलाड़ियों के रैंकिंग में पाकिस्तान के सैम अयूब पहले स्थान पर पहुंच गए है। उन्होंने जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के कप्तान सिकंदर रजा की जगह ली है। सिकंदर शीर्ष ऑलराउंडर खिलाड़ियों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। दीपेंद्र सिंह ऐरी को 2 स्थान का फायदा हुआ है और वह चौथे स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई 4 स्थान की छलांग लगाकर 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। शिवम दुबे इस सूची में 9वें स्थान पर हैं।

## आज का मुकाबला

### ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज-इटली आमने-सामने

**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप 2026 के 37वें मुकाबले में 19 फरवरी को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और इटली राष्ट्रीय क्रिकेट टीम पहली बार आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में सुबह 11 बजे से खेला जाएगा। वेस्टइंडीज इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही है और सुपर-8 में जगह बना चुकी है, जबकि इटली ने 1 जीत और 2 हार के साथ चुनौती पेश की है। संभावित एकादश में वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग, शाई होप, शिमरोन हेटमायर और जेसन होल्डर जैसे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, जबकि इटली की ओर से जस्टिन मोस्का, एंथनी मोस्का और कप्तान हैरी मानेन्टी पर नजरें रहेंगी। ईडन की काली मिट्टी की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल मानी जाती है, जहां पहली पारी का औसत स्कोर 142 रन है और मौसम साफ रहने की संभावना है।



### अजेय टीम श्रीलंका और जिम्बाब्वे के बीच टक्कर

**कोलंबो।** टी-20 विश्व कप 2026 के 38वें मैच में 19 फरवरी को श्रीलंका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे राष्ट्रीय क्रिकेट टीम कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। दोनों टीमें अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही हैं—श्रीलंका ने अपने सभी मैच जीते हैं, जबकि जिम्बाब्वे को 2 जीत मिली हैं और 1 मुकाबला बारिश से रद्द हुआ है। हेड-टू-हेड में श्रीलंका का पलड़ा भारी है, जिसने 11 में से 8 टी-20 मुकाबले जीते हैं। श्रीलंका को वानिंदु हसरंगा की गैरमौजूदगी खलेगी, वहीं जिम्बाब्वे ब्रायन बेनेट और कप्तान सिकंदर रजा के प्रदर्शन पर निर्भर रहेगा। स्पिनरों के अनुकूल मानी जाने वाली इस पिच पर पहली पारी का औसत स्कोर 150 रन है, जबकि मौसम विभाग ने 80 प्रतिशत से अधिक बारिश की संभावना जताई है, जिससे मैच प्रभावित हो सकता है।



### चेन्नई में अफगानिस्तान-कनाडा की टक्कर

**चेन्नई।** टी-20 विश्व कप 2026 के 39वें मुकाबले में 19 फरवरी को अफगानिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का सामना कनाडा राष्ट्रीय क्रिकेट टीम से चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में होगा। हेड-टू-हेड में अफगानिस्तान 2-0 से आगे है और कनाडा अब तक टी-20 में उसे हरा नहीं सकी है। मौजूदा टूर्नामेंट में अफगानिस्तान को 3 में से 1 जीत मिली है (यूएई पर), जबकि कनाडा अपने तीनों मैच हार चुकी है और जीत के साथ विदाई चाहती है। अफगानिस्तान की ओर से इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज और कप्तान राशिद खान पर नजरें रहेंगी, जबकि कनाडा के लिए युवा युवराज सामरा और दिलप्रीत बाजवा अहम रहेंगे। चेन्नई की सूखी पिच स्पिनरों के अनुकूल मानी जाती है और बड़ा स्कोर कम ही बनता है; मौसम साफ रहने की संभावना है, जिससे पूरा मैच होने के आसार हैं।



## म्हारी छोरियां छोरों से कम है के...

### दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेंगी देश की बेटियां



एजेंसी । कैनबरा

भारत महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम गुरुवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। पहले मुकाबले में भारत ने डकवर्थ-लुईस प्रणाली के आधार पर जीत दर्ज की थी। उस मैच में तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को झकझोर दिया था और पूरी टीम 133 रन पर सिमट गई थी। बारिश के कारण भारतीय बल्लेबाजों को ज्यादा मौका नहीं मिला, केवल स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ही कुछ देर क्रीज पर टिक सकीं।

### बल्लेबाजी और पेस अटैक से उम्मीद

भारतीय टीम की बल्लेबाजी मजबूत मानी जा रही है। महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंची हैं। टीम एक बार फिर शेफाली की आक्रामक शुरुआत, मंधाना की क्लासिक बल्लेबाजी और कप्तान हरमनप्रीत कौर व जेमिमा रोड्रिग्स की अहम भूमिका पर निर्भर करेगी।

## पाकिस्तान की तगड़ी जीत

- नामीबिया के खिलाफ 102 रनों से जीत हासिल की
- साहिबजादा फरहान ने लगाया शतक
- शादाब खान और उस्मान तारिक गेंद से बने हीरो



एजेंसी । कोलंबो

भारत के खिलाफ हार के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान ने जबरदस्त वापसी की है। पाकिस्तानी टीम ने नामीबिया के खिलाफ 102 रनों से जीत हासिल की और इसी के साथ उन्होंने सुपर-8 में अपनी जगह बना ली है। पाक के लिए इस मुकाबले में सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान हीरो रहे। फरहान ने शतक लगाया और अपनी टीम को 199 रनों के स्कोर तक पहुंचाया। पाकिस्तान ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए और नामीबिया को 200 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया। नामीबिया की टीम इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी और उन्हें मुकाबले में 102 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

### फरहान के दम पर पाकिस्तान ने बनाए 199 रन

नामीबिया के खिलाफ पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद सलमान अली आगा की अगुवाई वाली टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 199 रन बोर्ड पर ठोक दिए। पाकिस्तानी टीम के लिए साहिबजादा फरहान ने कमाल की बैटिंग की और शतक लगाया। फरहान ने 58 गेंदों पर नाबाद 100 रनों की पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। फरहान के अलावा मेन इन ग्रीन के लिए कप्तान आगा ने 23 गेंदों पर 38 रन बनाए। उनके अलावा शादाब खान 22 गेंदों पर 36 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह पाकिस्तान ने 199 रन बना लिए और नामीबिया को 200 रनों का लक्ष्य दिया।

## बॉलीवुड



### लॉस एंजिल्स में छाया 'द ब्लफ' का जादू

हॉलीवुड और बॉलीवुड के ग्लैमरस सितारों की मौजूदगी में फिल्म 'द ब्लफ' का वर्ल्ड प्रीमियर 17 फरवरी 2026 को लॉस एंजिल्स में शानदार अंदाज में आयोजित किया गया। इस खास मौके पर फिल्म की लीड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनास अपने पति और सिंगर-एक्टर निक जोनस के साथ रेड कार्पेट पर पहुंचीं। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस का स्टाइलिश और रोमांटिक अंदाज सोशल मीडिया पर छा गया है। प्रीमियर से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक क्लिप में प्रियंका चोपड़ा, निक जोनस को प्यार से किस करती नजर आती हैं, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं एक अन्य वीडियो में फिल्म की पूरी स्टार कास्ट एक साथ पोज देती दिखाई दे रही है। रेड कार्पेट पर प्रियंका चोपड़ा का दमदार लुक और आत्मविश्वास देखने लायक था। 'द ब्लफ' का निर्देशन फ्रैंक ई. फ्लावर्स ने किया है। यह एक पीरियड एक्शन-थ्रिलर है, जिसकी कहानी 19वीं सदी के कैरेबियन बैकग्राउंड पर आधारित है। 'द ब्लफ' में प्रियंका चोपड़ा एक पूर्व समुद्री डाकू का किरदार निभा रही हैं, जो अपने परिवार की सुरक्षा के लिए अपने हिंसक अतीत का सामना करती है। प्रियंका चोपड़ा के साथ फिल्म में कार्ल अर्बन और इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



### 'द वार्डरोब' का पोस्टर आया सामने



अभिनेता रजनीश दुग्गल एक बार फिर डर के साए में दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार हैं। सुपरनैचुरल फिल्म '1920' से पहचान बनाने वाले रजनीश इससे पहले 'सांसें' और 'फिर' जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। अब उनकी नई हॉरर-थ्रिलर फिल्म 'द वार्डरोब' चर्चा में है, जिसका पोस्टर और रिलीज तारीख जारी कर दी गई है। फिल्म का निर्देशन सौरभ चौबे ने किया है, जबकि निर्माण ज्योति राज गावली के बैनर तले हुआ है। जारी पोस्टर में एक दरवाजे के पीछे छिपी डरावनी शक्ल वाली लड़की की झलक दिखाई गई है, जो फिल्म के रहस्य और भय का संकेत देती है। पोस्टर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता और रोमांच बढ़ा दिया है। निर्माताओं का दावा है कि फिल्म में अलौकिक घटनाओं और मनोवैज्ञानिक डर का संयोजन देखने को मिलेगा।

### यश के नाम राधिका का दिल छू लेने वाला संदेश

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार यश को उनकी पत्नी राधिका पंडित ने वैलेंटाइन डे पर बेहद भावुक अंदाज़ में शुभकामनाएं दीं। राधिका ने सोशल मीडिया पर एक रोमांटिक तस्वीर साझा की, जिसमें दोनों पानी के किनारे आतिशबाज़ी निहारते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ लिखा गया उनका संदेश फैंस के दिलों को छू गया। राधिका ने अपने पोस्ट में यश की खामोश मेहनत और परिवार के प्रति उनके समर्पण का जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि वह उनकी आंखों की थकान और उन बलिदानों को देखती हैं, जो शायद किसी और को नजर नहीं आते। लंबे और व्यस्त दिनों के बावजूद बिना शिकायत जिम्मेदारियां निभाने के लिए उन्होंने यश का आभार जताया। "हर दिन मुझे चुनने के लिए धन्यवाद," जैसे शब्दों ने इस संदेश को और खास बना दिया। यह सादगी भरा लेकिन गहराई से भरा पोस्ट देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। प्रशंसकों ने इस जोड़ी की आपसी समझ, सम्मान और मजबूत रिश्ते की जमकर सराहना की। निजी जीवन को गरिमा के साथ संभालने वाले इस दंपति की यह झलक लोगों को खास लगी। पेशेवर व्यस्तताओं के बीच परिवार के प्रति समर्पण और प्रेम का यह संदेश फैंस के लिए प्रेरणादायक बन गया है।



### गोविंदा के साथ अपने तनाव पर बोलीं सुनीता आहूजा

अभिनेता गोविंदा के साथ रिश्तों में आई खटास की खबरों के बीच उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने एक बार फिर खुलकर अपनी बात रखी है। अपने यूट्यूब चैनल पर सुनीता ने भावुक होते हुए कहा कि गोविंदा उनके बचपन का प्यार हैं, लेकिन मौजूदा हालात को सुधारने के लिए कुछ बदलाव जरूरी हैं। सुनीता ने कहा, 'आप कभी नहीं कह सकते कि आगे क्या होगा। अगर वह सुधर जाएं और हमारे हिसाब से रहें तो मैं उन्हें माफ कर दूंगी। मुझे वो सब नहीं सुनना है जो आजकल खबरों में चल रहा है।' उन्होंने अपनी सेहत का जिक्र करते हुए बताया कि इस उम्र में विवाद और तनाव झेलना आसान नहीं है। सुनीता ने कहा कि वह मेनोपॉज के दौर से गुजर रही हैं और ऐसे समय में हर महिला को पति और परिवार के सहयोग की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि हमें प्यार चाहिए, तनाव नहीं। अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता अहूजा के रिश्ते में पिछले कई महीनों से तनाव की खबरें लगातार सुर्खियों में रही हैं। सुनीता आहूजा ने गोविंदा पर धोखा देने के आरोप लगाए थे। सुनीता और गोविंदा की शादी को 37 साल हो चुके हैं। दोनों ने 1987 में विवाह किया था। उनके दो बच्चे हैं, बेटी टीना आहूजा और बेटा यशवर्धन आहूजा। लंबे साथ के बावजूद मौजूदा हालात ने उनके रिश्ते को नाजुक मोड़ पर ला खड़ा किया है।



### ऑपरेशन सिंदूर पर बनने जा रही है फिल्म




26 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने मई 2025 की शुरुआत में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के भीतर हवाई हमले किए। इसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैबा के आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया। पहले तो भारत ने पाकिस्तानी फौज को टार्गेट नहीं किया था। हालांकि जब पाकिस्तान ने आंख दिखाई तो भारत ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया और दुश्मन देश घुटनों पर आ गया। अब इसी ऑपरेशन सिंदूर पर एक फिल्म बनने जा रही है। प्रोड्यूसर भूषण कुमार और फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री अब एक नई फिल्म पर साथ काम करने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक यह फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित होगी। फिल्म टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी और इसका निर्देशन विवेक अग्निहोत्री करेंगे। 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर की गई सटीक सैन्य कार्रवाई का कोडनेम है।

# ईडी-ममता सरकार के बीच सुप्रीम कोर्ट में तू-तू मैं-मैं



एजेंसी । नई दिल्ली

**पश्चिम बंगाल में I-PAC से जुड़े रेड मामले पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और केंद्र के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनते हुए स्पष्ट किया कि तथ्यों के आधार पर ही तय किया जाएगा कि मामले में किसकी भूमिका क्या है।**

- ममता सरकार ने ईडी को केंद्र सरकार का हथियार बताया
- प्रवर्तन निदेशालय ने कहा- हमें बंगाल में धमकाया
- हम तय करेंगे कौन हथियार और किसे धमकाया गया : सुको

### रेड के दौरान फाइलें लेकर चली गईं थी सीएम ममता

सर्च ऑपरेशन के दौरान, सीएम ममता बनर्जी अन्य टीएमसी नेताओं के साथ I-PAC ऑफिस पहुंचीं। इसके बाद काफी हंगामा हुआ। ममता ऑफिस से कई फाइलें लेकर बाहर निकलीं और मीडिया से बात की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय एजेंसी पर हद से ज्यादा दखलंदाजी का आरोप लगाया। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि I-PAC पार्टी के चुनाव रणनीतिकार के रूप में काम करता है और विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ईडी ने गोपनीय चुनाव रणनीति से जुड़ी जानकारी हासिल करने के लिए रेड डाली। पश्चिम बंगाल में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। टीएमसी ने ईडी की कार्रवाई में बाधा डालने के आरोप का खंडन किया।

### ममता सरकार बनाम ईडी के आरोप

ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष शासित राज्यों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल 'हथियार' की तरह कर रही है। वहीं ईडी ने पलटवार करते हुए कहा कि वह किसी के इशारे पर काम नहीं करती और उसे बंगाल में कार्रवाई के दौरान धमकाया गया। एजेंसी ने आरोप लगाया कि 8 जनवरी को I-PAC कार्यालयों पर छापे के दौरान राज्य प्रशासन ने उसकी कार्रवाई में बाधा डाली।

### जांच CBI को देने की मांग, सुनवाई 18 मार्च तक टली

ED ने मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) को सौंपने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। अदालत ने फिलहाल सुनवाई 18 मार्च तक स्थगित कर दी है। इससे पहले 3 फरवरी को भी सुनवाई टाली गई थी। 15 जनवरी की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि यदि किसी मुख्यमंत्री द्वारा जांच में बाधा डाली गई है तो यह अत्यंत गंभीर विषय है।

### I-PAC रेड मामला : 2,742 करोड़ का मनी लॉन्ड्रिंग केस

I-PAC यानी इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी एक पॉलिटिकल कंसल्टेंसी कंपनी है। यह राजनीतिक दलों के लिए बड़े स्तर पर चुनावी अभियानों का काम करती है। कंपनी और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन पर करोड़ों रुपए के कोयला चोरी घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। CBI ने इस मामले में 27 नवंबर 2020 को FIR दर्ज की थी। पूरा मामला 2,742 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। आरोप है कि 20 करोड़ हवाला के जरिए I-PAC तक ट्रांसफर हुए। ED ने 28 नवंबर 2020 को इसकी जांच शुरू की थी। 8 जनवरी 2026 को ईडी ने कोलकाता में I-PAC और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और ऑफिस पर छापा मारा था।

## हिंदुस्तान से दोस्ती और गाढ़ी होगी

# 14 मंत्रियों के साथ भारत आए ब्राजील के हाकिम

एजेंसी । नई दिल्ली



ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा 18 से 22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर वे भारत आए हैं।उनके साथ 260 कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल और 14 मंत्री भी हैं। लूला की यह छठी भारत यात्रा है। इससे पहले वे सितंबर, 2023 में G20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली आए थे।

### सबसे बड़े दल के साथ लूला

लूला अपने साथ किसी दक्षिण एशियाई देश में अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल लेकर आए हैं। उनके प्रतिनिधिमंडल में लगभग 14 मंत्री और शीर्ष ब्राजीलियाई कंपनियों के CEO भी हैं। ये CEO एक व्यापार मंच में भाग लेंगे, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को दर्शाता है। वे 21 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक करेंगे। इससे पहले 19 और 20 फरवरी को वे दिल्ली में AI इम्पैक्ट समिट में शामिल होंगे।

### क्या है दौरे का एजेंडा?

यात्रा का सबसे बड़ा एजेंडा व्यापार होगा। दोनों देशों के बीच 2025 में 1.37 लाख करोड़ रुपये का द्विपक्षीय व्यापार हुआ है। ये 2024 के मुकाबले 25 प्रतिशत ज्यादा है। ब्राजील के व्यापार और निवेश संवर्धन एजेंसी (एपेक्स ब्राजील) के प्रमुख जॉर्ज वियाना ने कहा, 'पिछले साल तक भारत हमारा 10वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था, लेकिन हाल के महीनों में यह 5वें स्थान पर आने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है।'

### कितना अहम है दौरा?

विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये यात्रा दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर सहयोग को गहरा करने में सहायक होगी। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब ब्राजील अमेरिका और चीन पर अपनी निर्भरता कम करने और भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ जुड़ाव को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। ब्राजील के राष्ट्रपति भवन ने यात्रा को लूला के सबसे बड़े विदेशी दौरों में से एक बताया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सीएम हिमंता असम के जिन्ना : गोगोई



**गुवाहाटी।** असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई ने असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा और कांग्रेस छोड़कर भाजपा जॉइन करने जा रहे भूपेन कुमार बोरा पर कमेंट किया है। उन्होंने बुधवार को गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हिमंता ने बोरा को कांग्रेस का आखिरी हिंदू नेता बताया है। हिमंता 'असम के जिन्ना' हैं, उन्हें नेताओं को 'हिंदू सर्टिफिकेट' देना बंद करना चाहिए। गोगोई ने ये भी कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले नेता अपनी पार्टी के लिए गैरजरूरी हो जाते हैं। ऐसा ही हाल असम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा का होगा, जो 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि जो नेता भाजपा में गए हैं, वे अप्रासंगिक हो गए हैं। सर्बानंद सोनोवाल इसका उदाहरण हैं। असम गण परिषद (एजीपी) भी लगभग खत्म होने की कगार पर है। भूपेन बोरा के भाजपा में जाने से कांग्रेस पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### पाकिस्तान में विपक्षी गठबंधन का धरना खत्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विपक्षी गठबंधन ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर जारी चिंता के बीच राजधानी में कई दिनों से चल रहे धरना बुधवार को समाप्त कर दिया। टीटीएपी और इमरान की पार्टी पीटीआई ने धरना दिया। विपक्षी दलों ने गत शुक्रवार से इस्लामाबाद में दो स्थानों पर विरोध-प्रदर्शन शुरू किया था। इनमें संसद परिसर और खैबर-पख्तूनख्वा हाउस भवन शामिल थे। टीटीएपी प्रमुख महमूद खान अचकजई ने संसद परिसर में धरने का नेतृत्व किया, जबकि खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने दूसरे प्रदर्शन का आयोजन किया। हालांकि, गठबंधन ने यह कहते हुए प्रदर्शन समाप्त कर दिया कि उसने इमरान खान के स्वास्थ्य मुद्दे को उजागर करने का उद्देश्य हासिल कर लिया है।

### इंसान के दिमाग से बेहतर कुछ नहीं है : एनआर नारायण मूर्ति

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भले ही छोटे-मोटे कामों को ऑटोमेट कर दे, लेकिन यह इंसानों की उच्च स्तर की सोच, रचनात्मकता और निर्णायक क्षमता बढ़ाने की ओर ले जाएगा। उक्त बातें दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम लीडर्स टॉक में इंफोसिस के संस्थापक एन आर नारायण मूर्ति ने कही। उन्होंने कहा कि इंसान के दिमाग से बेहतर कुछ नहीं है। उन्होंने एआई को खतरे के बजाय एक वरदान बताया। उन्होंने कहा कि नई-नई चीजे सीखते रहने, दोबारा प्रशिक्षण लेने और सीखने की इच्छा बनाए रखने से इंसान का दिमाग लगातार और बेहतर होता जाता है। मूर्ति ने जोर देकर कहा कि बदलाव लगातार होता रहता है।

# राज्यसभा की धमाचौकड़ी शुरू

- 16 मार्च को राज्यसभा की 37 कुर्सियों के लिए चुनाव
- पवार, सिंघवी का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा



एजेंसी । नई दिल्ली

राज्यसभा की 37 सीटों पर चुनाव की तारीख का एलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि इन 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव होंगे। इनमें महाराष्ट्र की सात, पश्चिम बंगाल और बिहार की 5-5 सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। वहीं ओडिशा की चार, तमिलनाडु की छह, असम की तीन, छत्तीसगढ़ की दो, हरियाणा की दो, तेलंगाना की दो और हिमाचल प्रदेश की एक राज्यसभा सीट पर चुनाव होना है। जो सीटें खाली हो रही हैं उनमें 12 एनडीए के पास हैं, 25 पर विपक्ष का कब्जा है।

### ऐसा रहेगा पूरा शेड्यूल

राज्यसभा की 37 सीटों पर चुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा जो शेड्यूल जारी किया गया है, उसके मुताबिक 26 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी होगा। 5 मार्च को नामांकन भरे जाएंगे और 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 मार्च तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। 16 मार्च को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक मतदान होगा और 16 मार्च को ही वोटों की गिनती होगी। 20 मार्च 2026 से पहले चुनाव पूरा होना है।

### दिग्गज नेताओं की विदाई

जिन दिग्गज नेताओं का राज्यसभा कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त हो रहा है, उनमें शरद पवार, प्रियंका चतुर्वेदी, कनिमोझी, साकेत गोखले, उपेंद्र कुशवाहा, राज्यसभा के डिप्टी स्पीकर हरिवंश नारायण सिंह, रामनाथ ठाकुर और अभिषेक मनु सिंघवी आदि शामिल हैं।

### इस चुनाव का क्या होगा असर?

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन को विधानसभा में अपनी मजबूत स्थिति का फायदा मिलेगा। वहीं तमिलनाडु और बंगाल में क्रमश: डीएमके और टीएमसी को ज्यादा सीटें मिलने की उम्मीद हैं। हालांकि लेफ्ट के बंगाल में शून्य होने के बाद एक सीट भाजपा के खाते में जा सकती है। बिहार में भाजपा गठबंधन की मजबूत स्थिति को देखते हुए यहां पांच में से चार सीटें एनडीए को मिल सकती हैं। तेलंगाना में कांग्रेस आगे रहेगी और हिमाचल प्रदेश में एक सीट पर कड़ी टक्कर हो सकती है।

### रिटायर्ड इसरो कर्मचारी ने पत्नी की हत्या की

**बेंगलुरु।** बुधवार को अवलाहल्ली के 65 साल के रिटायर्ड ISRO कर्मचारी ने कथित तौर अपनी पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर दी। अवलाहल्ली पुलिस अधिकारीयों ने सुबह करीब 11 बजे इस बात की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी नागेश्वर राव को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। शुरुआती जांच का हवाला देते हुए, एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने कहा कि राव कथित तौर पर डिप्रेशन का इलाज करा रहा था। पुलिस ने बताया कि राव अपनी पत्नी की हत्या के बाद कथित तौर पर अपनी जान लेना चाहता था। अपनी पत्नी संध्या पर कथित हमले के बाद, राव मौके पर ही रहा। फिर उसने एक जान-पहचान वाले से संपर्क किया, जिसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस की एक टीम घर पहुंची और राव को हिरासत में ले लिया गया। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (व्हाइटफिल्ड) सैदुलु अदावथ ने कहा, 'खबर है कि नागेश्वर डिप्रेशन का इलाज करवा रहा था और काफी समय से परेशान था।'

**पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया**

# पूजा-ठांव के कानून पर आखिरी फैसला जल्द

- केंद्र से जवाब मिलने के बाद तय की जाएगी सुनवाई की तारीख



एजेंसी । नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) ने 1991 के पूजा स्थल कानून (विशेष प्रावधान) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई करने पर सहमति जताई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली शामिल थे, ने कहा कि अंतिम सुनवाई की तारीख तय की जाएगी।

### केंद्र सरकार का जवाब लंबित

वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी, जो याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश हुए, ने अदालत से कहा कि 12 अक्तूबर 2022 को ही मुद्दों को तय कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि अदालत ने केंद्र सरकार को 31 अक्तूबर 2022 तक जवाब दाखिल करने को कहा था, लेकिन अब तक केंद्र ने अपना हलफनामा दाखिल नहीं किया है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मार्च और अप्रैल में नौ-न्यायाधीशों की पीठ के दो मामले सूचीबद्ध हैं।

### पहले भी दिया जा चुका है निर्देश

12 दिसंबर 2024 को सर्वोच्च अदालत ने देशभर की अदालतों को निर्देश दिया था कि वे धार्मिक स्थलों को पुन: प्राप्त करने से संबंधित नए मुकदमों को स्वीकार न करें और लंबित मामलों में कोई प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित न करें। इस कानून का उल्लेख राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद शीर्षक विवाद के फैसले में भी किया गया था। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि 15 अगस्त 1947 को आधार तिथि बनाना मनमाना और असंगत है।

### अजमेर मामले में हस्तक्षेप से इनकार

सुनवाई के दौरान राजस्थान की एक सिविल अदालत को अजमेर दरगाह प्रकरण में प्रभावी आदेश पारित करने से रोकने की मांग भी की गई। इस पर अदालत ने कहा कि यदि कोई आदेश पारित होता है तो उसे देखा जाएगा। साथ ही स्पष्ट किया कि सर्वोच्च अदालत के पूर्व आदेश सभी अदालतों पर बाध्यकारी हैं। यदि कोई आदेश उनके विपरीत होता है तो उसके परिणाम होंगे। हालांकि पीठ ने यह भी कहा कि यदि केवल नोटिस जारी किए जाते हैं या जवाब मांगा जाता है।

### क्या है मामला?

यह याचिकाएं 1991 के कानून की कुछ धाराओं को चुनौती देती हैं, जो 15 अगस्त 1947 की स्थिति के अनुसार किसी भी धार्मिक स्थल के स्वरूप और स्वामित्व को यथावत बनाए रखने का प्रावधान करती हैं। इस कानून के तहत किसी धार्मिक स्थल के स्वरूप में बदलाव या उसे पुन: प्राप्त करने के लिए मुकदमा दायर करने पर रोक है।

# समंदर-असमान सब ओर फौज ही फौज

**अमेरिका के 50 लड़ाकू विमान मध्य-पूर्व रवाना**



एजेंसी । वाशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अब अमेरिकी सेना ने 50 से ज्यादा लड़ाकू विमानों को मध्य-पूर्व में तैनात किया है। यह घटनाक्रम जिनेवा में दोनों पक्षों के बीच दूसरे दौर की परमाणु वार्ता के बाद हुआ है। फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा और सैन्य हलचल पर नजर रखने वाले संगठनों ने कहा है कि कई F-22, F-35 और F-16 विमान मध्य-पूर्व की ओर जाते हुए रिकॉर्ड किए गए हैं।

### अमेरिका के 2 कैरियर स्ट्राइक ग्रुप भी मध्य-पूर्व में

तनाव के बीच अमेरिका के 2 कैरियर स्ट्राइक ग्रुप भी मध्य-पूर्व की ओर मोड़े गए हैं। इनमें से एक USS अब्राहम लिंकन को ईरानी तट से 700 किलोमीटर दूर ट्रैक किया गया है। वहीं, दूसरा USS जेराल्ड आर फोर्ड कैरिबियन से रवाना होकर अटलांटिक सागर के मध्य में पहुंच चुका है और मध्य-पूर्व की ओर बढ़ रहा है। अगले 4-5 दिन में ये ईरान पहुंच जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि फोर्ड के साथ 3 गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर भी हैं।

### ईरान ने शुरू किया युद्धाभ्यास

ईरान ने 'स्मार्ट कंट्रोल ऑफ द स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' नामक युद्धाभ्यास शुरू किया है। इसके तहत दुनिया के अहम तेल मार्गों में से एक हॉर्मुज जलडमरूमध्य के कुछ हिस्सों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। ईरानी न्यूज एजेंसियों के मुताबिक, फारस की खाड़ी में मिसाइल परीक्षण किए गए। इस दौरान कुछ घंटों के लिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया गया। बता दें कि हार्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक व्यापार के लिए बेहद अहम है।

# मैं गांधीवादी, नेहरूवादी और राजीववादी पर राहुलवादी नहीं : मणिशंकर अय्यर

एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि वे गांधीवादी, नेहरूवादी और राजीववादी हैं, लेकिन राहुलवादी नहीं। उनका तर्क है कि राहुल गांधी उनसे लगभग 30 वर्ष छोटे हैं और उन्हें उनके साथ काम करने का अवसर नहीं मिला। अय्यर ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने स्वयं को इंदिरावादी नहीं कहा क्योंकि इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल से वे असहमत थे।



### कांग्रेस नेतृत्व पर टिप्पणी

यह बयान उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा प्रहार करने के एक दिन बाद दिया। अय्यर ने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व असहमति की आवाज को सहन नहीं कर सकता, तो यह मुख्य विपक्षी दल के लिए विनाशकारी स्थिति है। उनके अनुसार, किसी भी राजनीतिक दल के लिए आंतरिक लोकतंत्र आवश्यक है।

### गांधी, नेहरू और राजीव से वैचारिक जुड़ाव

अय्यर ने अपने विचारों को विस्तार देते हुए कहा कि बचपन में जब महात्मा गांधी ने उन्हें गोद में उठाकर स्नेह दिया, तभी से वे स्वयं को गांधीवादी मानते हैं। उन्होंने बताया कि जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री काल में उनका बचपन और युवावस्था बीती, जिससे वे नेहरूवादी विचारधारा में रचे-बसे रहे।

# राहुल देश की सुरक्षा के लिए खतरा: रिजिजू

एजेंसी । नई दिल्ली



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वे भारत की सुरक्षा के लिए "सबसे खतरनाक इंसान" बन गए हैं। रिजिजू ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत-विरोधी ताकतों से जुड़े हैं और नक्सलियों, उग्रवादियों तथा जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं। उन्होंने कहा कि संसद में नेता प्रतिपक्ष का व्यवहार जिम्मेदार और संतुलित होना चाहिए।

### संसद में आचरण पर उठाए सवाल

रिजिजू ने राहुल गांधी के संसदीय व्यवहार को "बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना" बताते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष पूरे विपक्ष का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए उसे गरिमा बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के बाहर लोगों को देशद्रोही कहना, सिट-इन प्रदर्शन करना और अप्रकाशित किताब लहराना बच्चों जैसा आचरण है।

## 10-13 फीट लंबी शार्क 1.27 डिग्री सेल्सियस तापमान में मिली

# अंटार्कटिका के ठंडे समुद्र में पहली बार दिखी शार्क

एजेंसी । मेलबर्न

अंटार्कटिका के गहरे और अत्यंत ठंडे समुद्र में पहली बार एक विशाल शार्क देखी गई है। अब तक माना जाता था कि इतने ठंडे पानी में इस प्रकार की शार्क का अस्तित्व संभव नहीं है, इसलिए कैमरे में कैद यह दृश्य वैज्ञानिकों के लिए बेहद चौंकाने वाला साबित हुआ। यह खोज समुद्री जैव विविधता के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।



### डीप-सी रिसर्च सेंटर की भूमिका

यह शार्क जनवरी 2025 में माइंडरो-यूडब्ल्यूए डीप-सी रिसर्च सेंटर द्वारा साउथ शेटलैंड द्वीप समूह के पास शोध अभियान के दौरान कैमरे में कैद की गई। शोध दल गहरे समुद्र में जीवन की तलाश कर रहा था। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी के फाउंडिंग डायरेक्टर एलन जैमिसन के अनुसार, यह शार्क लगभग 10 से 13 फीट लंबी थी।

### जलवायु परिवर्तन या पुरानी मौजूदगी?

विशेषज्ञ इस असामान्य उपस्थिति के पीछे जलवायु परिवर्तन को एक संभावित कारण मान रहे हैं, क्योंकि समुद्र के तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि दर्ज की जा रही है। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि संभव है ये शार्क लंबे समय से वहां मौजूद रही हों, लेकिन मानव पहुंच और तकनीकी सीमाओं के कारण अब तक नजरों से दूर थीं।

### गहराई में जीवन का नया संकेत

विशेषज्ञों के मुताबिक, ये शार्क समुद्र की उन गहरी परतों में रहती हैं जहां तापमान अपेक्षाकृत थोड़ा अधिक होता है। उनका आहार मुख्य रूप से व्हेल, विशाल स्क्विड और समुद्र की सतह से नीचे डूबने वाले मृत जीवों के अवशेष होते हैं। यह खोज इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अंटार्कटिका के इतने गहरे जल क्षेत्र में वर्ष के सीमित समय के लिए ही कैमरे स्थापित किए जा सकते हैं।